● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 49, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 23 मार्च 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कांग्रेस के सुनहरे दिन वापस लायेंगे राहुल गांधी! 5

दो मैचों से बाहर रह सकते है केएल राहुल 6

## सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन व्यवस्था से जन-जन को अवगत कराना है विक्रमोत्सव का उद्देश्य : डॉ. यादव

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री शाह को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आमंत्रित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारतीय ज्ञान परम्परा से विरासत से विकास'' के ध्येय को देश में साकार कर रहे हैं। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का शासन ही सुशासन की मिसाल स्थापित करता है। प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में विक्रमोत्सव अंतर्गत हो रहे कार्यक्रम सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनकी शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के संबंध में नई दिल्ली में मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरूषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य का संपूर्ण भारत के साथ ही विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर 2082 वर्ष पहले विक्रम संवत का प्रवर्तन किया गया था। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को सिंहासन बत्तीसी'' कहा जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने गणराज्य की स्थापना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ किया। साथ ही जनता के लिए जवाबदेह नवरत्नों का मंत्री-मंडल गठित कर ऐसी व्यवस्था की जिसमें राजा नहीं बल्कि नौ मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों का शासन द्वारा क्रियान्वयन किया जाता था। सुशासन के लिए वर्तमान में क्रियान्वित मापदंड सम्राट विक्रमादित्य के काल की याद दिलाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहित किया और हर व्यक्ति के लिए आशियाने की बात कही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी शहरी हो या गरीब सभी के लिए पक्के मकान की व्यवस्था के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उनके द्वारा बिना ब्याज के धन राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा, न्यायप्रियता प्रत्येक क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए सम्राट विक्रमादित्य का काल और आज के इस काल में अनेकों समानताएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण का एक माध्यम है। सम्राट विक्रमादित्य का व्यक्तित्व और शासन पद्धति, विभिन्न पक्ष हैं। उनके शासन काल में प्रत्येक मंत्री अलग विषयों के विशेषज्ञ थे जो देश के अलग-अगल क्षेत्रों से आकर सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था से जुड़कर, व्यवस्था को सुशासन में बदलने का कार्य कर रहे थे। माना जाता है कि तीन भाईयों की जोड़ी विश्व में प्रसिद्ध है, इनमें प्रथमतः भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की तथा तीसरी जोड़ी सम्राट विक्रमादित्य और भृतहरि की है।

## अलगाववादी ताकतें अब भी सक्रिय: राधाकृष्णन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कुछ राज्यों में अलगाववादी ताकतें अब भी सक्रिय हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवसक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार के दिए एकता और एकीकरण के संदेश मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं।

राज्यपाल भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक सचिन नंदा की पुस्तक 'हेडगेवार - ए डेफिनिटिव बायोग्राफी' के विमोचन पर बोल रहे थे। उन्होंने इस तर्क का खंडन किया कि भारत अतीत में कभी भी एक समरूप देश नहीं था।

उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ने कई शताब्दियों पहले भारतीय उपमहाद्वीप को एकजुट किया था। सांस्कृतिक और पारंपरिक रूप से भारत हमेशा एक राष्ट्र रहा है। विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत को विभाजित किया और इस पर शासन करने में कामयाब रहे। इसलिए एकता का संदेश और भी प्रासंगिक है।

## संसद में सरकार बोली-चीन का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत को चीन के दो नए काउंटी (कस्बे) बनाने की जानकारी मिली है, जिसका कुछ हिस्सा लद्दाख में आता है। सरकार ने कहा कि इसका डिप्लोमैटिक तरीके से कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।

भारतीय जमीन पर चीन के अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया गया है। नए काउंटी बनाने से न तो इस इलाके पर भारत की स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को कोई वैधता मिलेगी।

चीन ने पिछले साल दिसंबर में होतान प्रांत में दो नई काउंटी हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया था। तब भारत ने साफ-साफ कहा था इन काउंटियों में मौजूद कुछ इलाके भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा हैं और चीन का दावा पूरी तरह से अवैध है। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या 'सरकार को होतान प्रांत में चीन के दो काउंटी बनाने की जानकारी है, जिनमें लद्दाख से जुड़े भारतीय इलाके भी शामिल हैं? अगर हां तो सरकार ने इस मुद्दे का हल निकालने के लिए क्या रणनीतिक और कूटनीतिक उपाय किए हैं?'

इसके जवाब में विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी है। सरकार यह जानती है कि चीन सीमा के नजदीक बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सीमा के नजदीक वाले इलाके में बुनियादी ढांचे में सुधार पर खास ध्यान दे रही है, ताकि इन इलाकों में विकास तेज हो सके और साथ ही भारत की सामरिक और सुरक्षा जरूरतों को भी पूरा किया जा सके।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर संघ ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** बंगलूरू में चल रही संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में बांग्लादेश का मुद्दा उठा और वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर चिंता जाहिर की गई। सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की वजह राजनीतिक ही नहीं बल्कि धार्मिक भी है।

अरुण कुमार ने बयान में कहा कि हम बांग्लादेश के हिंदू वर्ग के साथ एकजुटता दिखाते हैं। हमने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई है। हमें ये नहीं मानना चाहिए कि इस हिंसा की वजह सत्ता में बदलाव के चलते राजनीतिक ही है बल्कि इसका धार्मिक कारण भी है। अल्पसंख्यकों और हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

अरुण कुमार ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा कोई नई नहीं है। साल 1951 में बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 7.95 प्रतिशत रह गई है। यह बड़ी गिरावट है। इस बार जो हिंसा हो रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि इसे सरकार और सरकारी संस्थानों का भी समर्थन है। वहां भारत विरोध बढ़ रहा है। अपने प्रस्ताव में हमने अंतरराष्ट्रीय ताकतों को लेकर भी चिंता जाहिर की है। भारत और इसके पड़ोसी देश सिर्फ देशों का समूह नहीं हैं बल्कि इनका साझा इतिहास है। हमारे बीच बहुत कुछ समान है। कई वैश्विक शक्तियां भारत और इसके पड़ोसी देशों के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में बीते साल शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से ही वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।

## उड़ान में देरी पर एयर इंडिया पर भड़कीं सुप्रिया सुले

**नई दिल्ली।** एनसीपी एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने उड़ान में देरी को लेकर एयर इंडिया की तीखी आलोचना की है। उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से अपील की कि वे एयरलाइंस को जवाबदेय बनाने के लिए कड़े नियम कानून लागू करें। सुप्रिया सुले ने बताया कि उनकी फ्लाइट करीब एक घंटे 19 मिनट देर हुई। उन्होंने कहा कि ये लगातार देखा जा रहा है कि फ्लाइट्स में देरी हो रही है और इससे यात्री परेशान हो रहे हैं। सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैं एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 0508 से यात्रा कर रही थी, लेकिन यह एक घंटा 19 मिनट देरी से उड़ी।

## पुलिसकर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे: फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहर में कानून व्यवस्था के संबंध में नागपुर पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। नागपुर हिंसा के बाद हुई कार्रवाइयों पर बोलते हुए फडणवीस ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह की वजह से हालात बिगड़े। हमने दंगाइयों की पहचान कर ली है। हम नुकसान की भरपाई उनसे ही करेंगे। जिन लोगों ने भी पुलिस को निशाना बनाया, उन उपद्रवपियों को अब परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसी पोस्ट करने वाले भी आरोपी ही माने जाएंगे। अब तक हम कई ऐसे पोस्ट हटा चुके हैं। हम दोषियों को नहीं बख्शेंगे।

नागपुर हिंसा को लेकर महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागपुर हिंसा में कोई विदेशी या बांग्लादेशी एंगल था या नहीं? यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। जांच जारी है। उन्होंने कहा कि महिला पुलिस कांस्टेबलों पर पत्थर फेंके गए। उन्होंने यह भी कहा कि छेड़छाड़ की खबरें सच नहीं हैं। फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हाल ही में हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नागपुर हिंसा को खुफिया एजेंसियों की विफलता कहना गलत है। इसमें कोई भी राजनीतिक एंगल नहीं है।

फडणवीस ने कहा, आज मैंने पुलिस अधिकारियों के साथ नागपुर में हुई घटना की समीक्षा की। इस दौरान पूरे घटनाक्रम की समीक्षा हुई और अब तक की गई कार्रवाई की भी विस्तार से समीक्षा की गई। औरंगजेब की कब्र की प्रतिकृति को सुबह जला दिया गया था।

## नागपुर हिंसा के लिए सरकार जिम्मेदार: डिंपल

**मैनपुरी।** मैनपुरी में जिला विकास एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाग लेने आईं सांसद डिंपल यादव ने भाजपा सरकार पर कड़ा जुबानी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नागपुर की हिंसा के लिए महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उत्तर प्रदेश में भी माहौल खराब है। महिलाओं के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं। मैनपुरी सांसद डिंपल ने कहा कि विकास की बात पूरी तरह से पीछे चली गई है। भड़काने वाली राजनीति शुरू हो गई है। जो लोग लोगों को लड़ाने के हथकंडे अपना रहे हैं, वे लोग नहीं चाहते कि देश में अमन चैन रहे और देश आगे बढ़े।

## कर्नाटक में मंत्रियों-विधायकों का वेतन हुआ दोगुना



**बंगलूरू।** कर्नाटक विधानसभा ने शुक्रवार को कर्नाटक विधानमंडल वेतन, पेंशन और भत्ते (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया। इसमें विधायकों, एमएलसी, मंत्रियों और विधानसभा कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया गया है। सरकार की ओर से फंड की कमी की शिकायत के बीच उठाए गए इस कदम की कड़ी आलोचना हो रही है। इस पर सियासी बहस भी छिड़ गई है। हनी ट्रैप विवाद से जुड़े हंगामे के बीच विधानसभा में इस विधेयक को पारित किया गया। सूत्रों के मुताबिक, विधेयक में मुख्यमंत्री के वेतन में 75,000 रुपये से 1.50 लाख रुपये यानी 100 फीसदी वृद्धि और मंत्रियों के वेतन में 60,000 रुपये से 1.25 लाख रुपये यानी 108 फीसदी वृद्धि का प्रस्ताव है।

## भारत की ताकत एकता में निहित: अजित पवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने मुंबई में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ सांप्रदायिक सद्भाव और एकता के महत्व पर जोर दिया। एनसीपी नेता ने कहा कि होली, गुड़ी पड़वा और ईद जैसे त्यौहार एकजुटता को बढ़ावा देते हैं और इन्हें सामूहिक रूप से मनाया जाना चाहिए। एकता ही देश की असली ताकत है। उन्होंने आगे कहा कि जो कोई भी दो समुदायों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश करेगा, उसे कड़ी सजा मिलेगी। अजित ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बीआर आंबेडकर, ज्योतिबा फुले और अन्य जैसे कई महान नेताओं ने सभी धर्मों और जातियों को साथ लेकर सामाजिक प्रगति का रास्ता दिखाया है। हमें इस विरासत को आगे बढ़ाना है। भारत एकता और विविधता का प्रतीक है। हमने अभी होली मनाई है और अब गुड़ी पड़वा और ईद आने वाली है। ये त्योहार हमें साथ रहना सिखाते हैं। हमारी असली ताकत एकता में निहित है।

अजित ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बीआर आंबेडकर, ज्योतिबा फुले और अन्य जैसे कई महान नेताओं ने सभी धर्मों और जातियों को साथ लेकर सामाजिक प्रगति का रास्ता दिखाया है। हमें इस विरासत को आगे बढ़ाना है। भारत एकता और विविधता का प्रतीक है। हमने अभी होली मनाई है और अब गुड़ी पड़वा और ईद आने वाली है। ये त्योहार हमें साथ रहना सिखाते हैं। हमारी असली ताकत एकता में निहित है। उन्होंने कहा कि आपका भाई अजित पवार आपके साथ है। अगर कोई हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को डराने या सांप्रदायिक विवाद पैदा करने की हिम्मत करता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## ओबीसी आरक्षण पर कमलनाथ ने सरकार को घेरा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर लगी जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। लंबे समय से मध्य प्रदेश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ था। मामले में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में सरकारी भर्तियों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का क़ानून मार्च 2019 में बनाया गया था। जिसे हर स्तर पर भाजपा सरकार ने लागू होने से रोकने की कोशिश की। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार का ओबीसी विरोधी रवैया सर्वविदित है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने सोशल साइट पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार मौजूदा क़ानून के तहत भर्तियां करने को स्वतंत्र है। उससे स्पष्ट है कि आज की स्थिति तक 27 प्रतिशत ओबीसी रिज़र्वेशन के क़ानून पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

## कुरुक्षेत्र में महायज्ञ में हुई फायरिंग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में शनिवार को खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से नाराज ब्राह्मणों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया।

## सौरभ और उसकी मां पर फर्जी तरीके से अनुकंपा नियुक्ति मामले में एफआईआर

**भोपाल।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसकी मां उमा शर्मा के खिलाफ अनुकंपा नियुक्ति को लेकर दिए गए फर्जी शपथ-पत्र के मामले में ग्वालियर के सिरोल थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। दो महीने पहले फर्जी शपथ-पत्र पर नियुक्ति का प्रकरण सामने आ चुका था, बावजूद इसके परिवहन विभाग कभी सरकार को कभी गृह मंत्रालय के नाम पर प्रकरण दर्ज कराने से टालता रहा। विधानसभा सत्र के दौरान आए दिन सदन में सौरभ शर्मा कांड और परिवहन घोटाला उछल रहा है। विपक्ष के हमलावर तेवर को देखते हुए परिवहन विभाग ने अब ग्वालियर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज कराया है। सौरभ शर्मा ने पिता की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति के लिए जो शपथ-पत्र प्रस्तुत किया था वह झूठा था। सौरभ शर्मा के यहां 18 दिसंबर को लोकायुक्त ने छापा मारा था। इसके बाद खुलासा हुआ कि सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा ने पति की मौत के बाद सौरभ को परिवहन विभाग में आरक्षक बनाए जाने के लिए शपथ-पत्र प्रस्तुत किया था। उक्त शपथ पत्र में लिखा है कि मेरे घर में कोई शासकीय सेवा में नहीं है। जबकि उमा शर्मा का बड़ा बेटा और सौरभ शर्मा के बड़े भाई छत्तीसगढ़ के भिलाई में शासकीय सेवा में हैं। इस तथ्य को शपथ-पत्र में छिपाया गया। जबकि मृतक कर्मचारी का कोई भी एक आश्रित अगर शासकीय सेवा में है तो दूसरे को अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता नहीं होती।

## सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों का प्रतिनिधि मंडल मणिपुर पहुंचा



**इंफाल।** सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह वाला प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल ने चुराचांदपर में मणिपुर की जातीय हिंसा के विस्थापितों से मुलाकात की। राहत शिविरों का दौरा भी किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल बिष्णुपुर के मोइरांग कॉलेज पहुंचा।

चुराचांदपुर में 295 विधिक सेवा शिविर, स्वास्थ्य शिविर और विधिक सहायता क्लिनिक का जस्टिस गवई ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- हमारे संविधान का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पहुंचाना है। वहीं, जस्टिस कोटिश्वर सिंह ने कहा- मेरा मानना है एक दिन मणिपुर समृद्ध होगा। हमें अपने संविधान पर भरोसा रखना चाहिए। मणिपुर में एक दिन शांति स्थापित होगी और वह सफल होगा। हमें मिलकर यहां राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए। जस्टिस ने कहा- देश के सभी नागरिकों को तुरंत और सस्ता न्याय (कम से कम खर्च में) उपलब्ध कराना है। हमने देश के उन दूर-दराज भागों तक पहुंचने का प्रयास किया, जो दिल्ली से बहुत दूर हैं।

उन्होंने कहा कि ऐरे सिद्धांत बहुत जरूरी है जो किसी न्यायपूर्ण समाज के लिए, सुलभता, न्याय तक पहुंच, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बनाए। साथ ही लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि मणिपुर लोगों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि हमारे संविधान ने हमें एकजुट रखा है।

जस्टिस गवई ने कहा- हमारा नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि विस्थापित लोग हमसे पीछे न छूटें।

उनकी आईडेंटिटी, डॉक्यूमेंट्स, संपत्ति का अधिकार या फिर मुआवजे के मामलों में पूरा अधिकार प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य और मणिपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने 265 कानूनी सहायता क्लिनिक स्थापित किए हैं। विस्थापित समुदायों के भीतर स्थापित कानूनी सहायता क्लिनिक मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। जस्टिस गवई ने कहा कि मैं सभी विस्थापित व्यक्तियों से इन सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं। उन्हें आश्वस्त करता हूं कि हम उनके जीवन के पुनर्निर्माण की दिशा में उनके साथ खड़े हैं।

जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह ने कहा कि हमें आगे देखना चाहिए और भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। हमें अतीत, दर्द या त्रासदी में नहीं जीना चाहिए। हमें एक उज्जवल भविष्य की ओर देखना चाहिए। इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमें उम्मीद रखनी चाहिए और सकारात्मक रहना चाहिए। जजों के दौरे से एक दिन पहले 21 मार्च को मणिपुर पुलिस ने ङ्क पोस्ट में कहा था कि मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स की जॉइंट टीम ने केसीपी-पीडब्ल्यूजी संगठन के सक्रिय उग्रवादी थंगमंगजम नाओबा सिंह (28 वर्ष) उर्फ पामुबा को गिरफ्तार किया।

# 1 मार्च से 20 मार्च तक आरटीओ चेक पॉइंट सिंगरौली द्वारा 5 लाख का राजस्व वसूला गया

## आरटीओ चेकप्वाइंट सिंगरौली उड़न दस्ता द्वारा गहन जांच अभियान जारी

**सिंगरौली।** आरटीओ चेकप्वाइंट सिंगरौली उड़न दस्ता द्वारा गहन जांच अभियान जारी है। वही यात्री बसों को चेक किया गया खासकर आपातकालीन खिड़की दरवाजे पैनिक बटन और किराया सूची के अलावा दूसरी तरफ माल वाहक गाड़ियों में ताबड़तोड़ चलने करवाई किया जाकर 20 दिनो मे यानी 1 मार्च से 20 मार्च तक 5 लाख रुपये की चालानी कार्यवाही कर सरकार का राजस्व वसूला गया। इधर बीते 21 मार्च को जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ के दिशा निर्देश में चेक पॉइंट प्रभारी अनिमेष जैन द्वारा कसर गेट से खनहाना तक लगातार चेकिंग अभियान जारी रखा है टीम द्वारा यात्री बसों में विशेष ध्यान दिया गया है। वाहन स्वामी एवं चालकों को नियमानुसार यात्रियों का परिवहन करने के साथ-साथ सतर्कता सुरक्षा के साथ सावधानी पूर्ण यात्रा कैसे करें कि हेतु




मौखिक गुरु मंत्र भी दिया गया है।

चालकों को बताया गया है की बस संचालन के पहले बस के ब्रेक टायर में हवा मैकेनिक कोई खराबी को बिना लापरवाही के दुरुस्त कर कर करके चलें जिससे दुर्घटना में रोकथाम सहित दुर्घटना मुक्ति का संकल्प पूरा हो सके। सड़क सुरक्षा अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार चालक एवं परिचालकों को सुधार सुझाव सहयोग का फार्मूला अपना कर नियमानुसार कार्रवाई किया गया जो बस संचालक परिवहन करते पाए गए जैसे पात्रता से अधिक सवारी बैठना निर्धारित किराया से ज्यादा किराया लेना बस चालक द्वारा हस्चलित यंत्र का उपयोग करना बस में आपातकालीन खिड़की दरवाजे दुरुस्त न होना बस में मैकेनिकल खराबी पाया जाना या मूल दस्तावेज का प्राप्त होना। जिला परिवहन अधिकारी और चेक पॉइंट प्रभारी अनिमेष जैन की संयुक्त टीम ने मालवाहक गाड़ियों में भी ताबड़तोड़ कार्रवाई किया है जो माल वाहक गाड़ियां नियम विरुद्ध या कृपाल ढककर नहीं चल रहे हैं उक्त मालवाहक सड़क सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते पाए गए उन गाड़ियों में करवाई किया गया साथ ही आज पुनः प्रशासन के आदेश अनुसार रेडियम रिफ्लेक्टर लगाया गया है माल वाहक गाड़ियों के संचालककर्ता को समझाइए दिया गया है कि वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण न हो इस और विशेष ध्यान दिया जाए चालक सीट बेल्ट लगाकर चलें खतरनाक हालत में गाड़ियां ना चलाएं लाइसेंस धारी दो चालक रखें लिफ्ट एक्सेल उठाकर या तोड़ मोड करना चलें मूल दस्तावेज साथ में रखें।

टू प्वाइंट्स में कार्रवाई कर व्यापक पैमाने में राजस्व एकत्रित किया गया 1 मार्च से 20 मार्च तक आरटीओ चेक पॉइंट सिंगरौली द्वारा चलने कारवाई लगभग 5 लाख शासकीय राजस्व एकत्रित कर कोषालय में जमा करवाया गया। दूसरा पहलू बस ऑपरेटर एवं मालवाहक संचालनकर्ता के कथा में व्यथा छुपी हुई है आक्रोश बौखलाहट के महत्वपूर्ण बिंदु हैं भाड़े का कम होना,महंगाई और दूसरी तरफ ताबड़तोड़ चलने वाली कार्रवाई कहीं भी राहत दिखाई नहीं देती है। बस या मालवाहक ऑपरेटर की मांग है कि पोस मशीन एवं स्पीड ट्रैक उपकरण द्वारा चलने कार्रवाई हो मैन्युअल चलने कार्रवाई बंद होनी चाहिए।आम जनमानस को करना है कि नियम विरुद्ध संचालन में चलने कार्रवाई हो या संचालन करता की मांग सही है जो कुछ भी निर्णय हो एक बात तो तय है कि परिवहन विभाग की सक्रियता जो इस समय है पहले कभी भी नहीं देखी गई।

# राष्ट्र के साथ-साथ अब दिलों को भी ऊर्जा देगी एनसीएल

## बाल हृदय जांच एवं निवारण हेतु नन्हा-सा-दिल-एनसीएल पहल का हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की जीवन रक्षक सर्जरी हेतु नन्हा-सा-दिल पहल का शुभारंभ किया।

इस दौरान कंपनी के मुख्यालय में आयोजित कर्यक्रम के दौरान सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद, डॉ. राजेश मिश्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक गौर, रविकिरण श्रीपद, एनसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

निराशा के बीच से नवजीवन की आशा अंकुरित करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा प्रोजेक्ट नन्हा सा दिल के लिए एनसीएल ने सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल




के साथ मिलकर बच्चों के जीवन रक्षक हृदय शल्य चिकित्सा के लिए हाथ बढ़ाया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर एनसीएल ने बाल हृदय जाँच और निवारण की दिशा में सार्थक कदम उठाया है जो सराहनीय है । इस अभिनव प्रयास से परिक्षेत्र में दिल की बीमारियों से पीड़ित बच्चों को निः शुल्क नवजीवन का उपहार मिलेगा। उन्होने यह भी कहा कि एनसीएल अब देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ साथ दिलों को भी ऊर्जा प्रदान करेगी ।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने कहा कि एनसीएल राष्ट्र को ईंधन देते हुए परिधीय समुदाय के समग्र विकास हेतु कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि प्रोजेक्ट 'नन्हा सा दिल' के मूल में मानवता और करुणा है। नन्हा सा दिल पहल पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि इससे परिक्षेत्र को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नव आयाम मिलेगा।

# एनटीपीसी सिंगरौली के संजीवनी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** संजीवनी अस्पताल में दिनांक 22 मार्च 2025 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक राजीव अकोटकर के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य नियमित रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में इसके प्रभाव को जन-जन तक समझाना था।

इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक राजीव अकोटकर ने सभी जन समूहों को नियमित रक्तदान को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा रक्तदान एक पुण्य



कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचाता है बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाता है।यह पहल जन प्रयास फाउंडेशन द्वारा संजीवनी अस्पताल के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें डॉ. एस.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजीवनी अस्पताल के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 37 दाताओं ने भाग लिया और रक्तदान किया।इस अवसर पर संजीवनी चिकित्सालय ने सभी रक्त दाताओं, चिकित्सा पेशेवरों, तकनीकी कर्मचारियों और प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।रक्तदान न केवल जीवन बचाने का एक सशक्त तरीका है, बल्कि यह समाज की सेवा में एक महान योगदान भी है।

इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सिद्धार्थ मंडल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), तरुन दत्ता, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ़, फादर विंसेंट पेरेरा, प्रधानाचार्य, संत जोसफ स्कूल एवं एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# सिंगरौली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में फेशर पार्टी का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** सिंगरौली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, सिंगरौली में बड़े हर्ष के साथ फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अभिषेक विशाल मण्डल परिचालन प्रबन्धक पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के प्रतिभा पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें गीत, नृत्य, क्वीज प्रतियोगिता प्रमुख रहें। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र मो. ताजुद्दीन को मि.फ्रेशर तथा छात्रा मुस्कान वर्मा को मिस फ्रे शर के रूप में सम्मानित मुख्य अतिथि ने किया।

# शराब पीकर बस चलाने वाले चालक पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही

**सिंगरौली।** जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है।इसी अभियान के तहत शराब पीकर बस चलाने वाले चालक पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस को जप्त किया ।

जानकारी मे बताया गया कि इस अभियान के तहत 21-22 मार्च 2025 की मध्यरात्रि को शहर के निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा और पुराने ट्रैफिक तिराहे पर औचक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी नजर रखी गई। कुल 27 वाहनों की जाँच की गई और चालकों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने की समझाइश दी गई। इस दौरान सिंगरौली से सतना जा रही एक




बस का चालक शराब के नशे में पाया गया। यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जप्त कर लिया और इसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। साथ ही, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को 6 माह के लिए निलंबित करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। जप्त बस में सवार यात्री, जो सिंगरौली से सीधी, रीवा और सतना जा रहे थे, उनके लिए यातायात पुलिस ने दूसरी बस की व्यवस्था की। सभी यात्रियों को उनके सामान सहित सुरक्षित रूप से दूसरी बस में शिफ्ट किया गया और उनका किराया भी वापस करवाया गया। यात्रियों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस की सराहना की और राहत महसूस की कि नशे में चालक से उनकी जान खतरे में नहीं पड़ी। सिंगरौली पुलिस आम जनता से अपील करती है कि शराब या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाएं, क्योंकि इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ता है। सभी से यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध करती है।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात दीपेन्द्र सिंह , सउनि सवालिया रावत, प्रधान आरक्षक उमेश बागरी, आरक्षक लक्ष्मण, आरक्षक प्रवेश तिवारी और अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नवांकुर संस्था सुसंस्कार सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी खुटार ने किया श्रमदान

**सिंगरौली**

जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली की नवांकुर संस्था सुसंस्कार सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी सेक्टर खुटार द्वारा चयनित आदर्श ग्राम कंजी के बरौहा नदी में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत के सरपंच रामकांत पनिका व सचिव तथा ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ उपस्थित होकर विश्व जल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी करते हुए जल के महत्व के विषय में जानकारी



प्रदान की गई,वहीं रैली व पदयात्रा करते हुए कंजी,वरौंहा नदी में श्रमदान करके नदी की स्वच्छता का संदेश दिया गया कि यदि इस नदी को साफ सफाई कर दिया जाए तो यह नदी भी काचन नदी जैसे स्वच्छ हो जाएगी ग्राम वासियों ने बताया कि पानी रोकने का एकमात्र साधन यही नदी है यदि इसकी साफ सफाई कर दी जाए और चेक डैम बना दिया जाए तो पानी का अच्छा खासा संचय हो सकता है और पानी की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है एवं छठ घाट बनाकर हमारे त्योहारों की भी रक्षा की जा सकती है जिस पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट जो आदर्श ग्राम के रूप में कंजी में कार्य कर रही है दोनों को संयुक्त रूप से आवेदन तैयार कर जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रखने के लिए सुझाव दिया गया आज कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक प्रमोद कुमार मिश्रा जल जीवन मिशन एवं श्रीनिवास श्रीवास्तव कार्यक्रम समन्वयक सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव एवं गांव के सभी प्रबुद्ध नागरिक महिला पुरुष व बच्चो ने अपना योगदान दिए साथ ही जल संरक्षण संवर्धन की शपथ भी दिलायी गई।

# प्रोफेसर के साथ मारपीट व गाली- गलौज को लेकर प्रोफेसरो ने एसपी को सौपा ज्ञापन

**सिंगरौली।** शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैढन के प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य के समक्ष मारपीट, गाली-गलौच एवं जान से मारने की धमकी को लेकर प्रोफेसरो ने विरोध करते हुए एसपी को ज्ञापन सौपा है। एसपी को दिये ज्ञापन बताया है कि बीते 21 मार्च को विश्वविद्यालय परीक्षा के दौरान अनुशासन समिति के सदस्य नितेश कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी के द्वारा यूनीफार्म नहीं पहन कर आने पर टोका तो कुछ छात्रों द्वारा आवेश में बात की गई एवं धमकी दी गई। शाम 5.30 बजे प्राचार्य द्वारा फोन कर नितेश कुमार सिंह को प्राचार्य कक्ष में बुलाया गया जहाँ पूर्व से अरूणेन्द्र पाण्डेय एवं निखिल वर्मा बैठे थे। कक्ष के बाहर लगभग 20-25 की संख्या में छात्र उपस्थित थे। प्राचार्य कक्ष में नितेश कुमार सिंह के प्रवेश करते ही उन्हें गाली दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही धमकाया गया कि यहाँ नौकरी करनी है तो मैं जैसा कहूँगा वैसा करना पड़ेगा। इसके बाद अरुणेन्द्र पाण्डेय, निखिल वर्मा एवं अन्य द्वारा नितेश कुमार सिंह के ऊपर हमला किया गया। हमले में नितेश कुमार सिंह घायल हुए। यह हमला प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ। प्राचार्य मूकदर्शक बने रहे। प्राचार्य कक्ष में नितेश सिंह को बुलाकर मारपीट एवं गाली गलौज की घटना घोर निंदनीय है। इस घटना से महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर एवं अन्य कर्मचारी भयभीत हैं एवं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मांग कि गई है कि महाविद्यालय परिवार के अधिकारी और कर्मचारी इस घटना की निष्पक्ष जाँच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाई की मांग करते हैं।

# बालक अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता मे सिंगरौली रही संयुक्त विजेता

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं रीवा डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में स्व. असद खान की स्मृति में बालक अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से 21 मार्च तक रीवा एवं सीधी में खेली गई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में सिंगरौली बनाम सतना के बीच खेला गया। वर्षा से बाधित ये मैच बिना निर्णय के समाप्त हुआ। जिससे दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। टॉस जीतकर सिंगरौली ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जहां सिंगरौली टीम अपनी पारी में 25 ओवरों के खेल में 3 विकेट के नुकसान पर 113 बनाए। सिंगरौली की ओर से कुश चौधरी



ने नाबाद 52 रन, अंश यादव ने 28 रन और कार्तिकेय सिंह ने 24 रन का योगदान दिया। वही सिंगरौली के 113 रन के जवाब में बारिश के कारण खेल रोके जाने तक सतना की टीम ने 7 विकेट खोकर 13.2 ओवर में 64 रन ही बना सकी। सिंगरौली के गेंदबाज सोनू रजक ने 2 विकेट, प्रमोद सिंह ने 2 विकेट लिए। बारिश ने सिंगरौली के चैंपियन बनने के मनसूबों पर पानी फेर दिया। सिंगरौली की टीम लीग मैचों में अपने पूल के दोनो मैच जीतकर अंकतालिका में टॉप पर रही । सिंगरौली टीम ने अपने पहले मैच में मऊगंज को और दूसरे मैच में सीधी को हराया और फाइनल में प्रवेश किया। सिंगरौली के गेंदबाज सोनू रजक ने 11 विकेट कप्तान प्रमोद सिंह ने 7 विकेट और बल्लेबाजी में कुश चौधरी ने 2 अर्धशतकीय पारी, आदित्य द्विवेदी ने एक अर्धशतक और अंश यादव, प्रमोद सिंह, सिद्दार्थ द्विवेदी, कार्तिकेय सिंह ने प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन सिंगरौली के अध्यक्ष शीर्ष कांतदेव सिंह, उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, सचिव पुरूषोतम सिंह एवं चयन समिति के अध्यक्ष सभी सदस्यों ने टीम के संयुक्त विजेता होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# सीवरेज लाइन पर डाली गई मिट्टी धंसी, कई गाड़ियां फसी

## बारिश ने सीवरेज लाइन के कामों की गुणवत्ता का खोली पोल, निर्माण कार्य में नहीं रहते निगम के अधिकारी

**सिंगरौली।** नगर निगम में सीवरेज नल जल योजना और घर-घर कचरा संग्रहण और निस्तारण सहित हो रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर पार्षद धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किए थे। पार्षदों के नगर निगम क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी और अधिकारियों के भ्रष्टाचार के आरोप तब सिद्ध हो गए जब कुछ घंटे की बारिश से सीवरेज धसी और कई गाड़ियां एक के बाद एक फस गई। इस घटना ने नगर निगम कमिश्नर और अधिकारियों की ईमानदारी की पोल खोल दी।

नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में सीवरेज लाइन का काम शुरू है। मुख्य मार्ग बैढ़न - विंध्यनगर, पचखोरा, बिलौजी सहित कई वार्डों में काम चल रहा है। सीवरेज लाइन डालने से सड़क की हालत खस्ता हो चुकी है। वहीं कई सड़क पर कुछ महीने पहले ही सीवरेज डाली गई थी। इसके बाद सीवरेज को ढकने के लिए थोड़ी -थोड़ी मिट्टी डाल कर पीसीसी कर दी थी। जहां कुछ घंटे की बरसात से मिट्टी धंसनी शुरू हो गई है। बैढ़न विंध्यनगर मुख्य मार्ग में मिट्टी धंसने से एक के बाद एक कई गाड़ियां फंस गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसे विकास कहें या फिर विनाश, क्योंकि सीवरेज लाइन डालने से पहले यह रोड



ठीक थी। मगर सीवरेज लाइन डालने के बाद अब इस सड़क की हालत खस्ता हो चुकी है। इससे लोग परेशान हो चुके हैं। शनिवार को सुबह-सुबह ही मुख्य रोड पर धंस गए जिन्हें निकालने के लिए ट्रक मालिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह सुबह जैसे ही बैढ़न विन्ध्यनगर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो मेरा ट्रक जमीन धसने से फस गया था। जब मैंने नीचे उतरकर देखा तो सीवरेज की लाइन में डाली गई मिट्टी धंसने से उसका ट्रक फंस गया है। इसको निकालने के लिए उसे जेसीबी मशीन का सहारा लेना पड़ा। इसका खर्च अलग से करना पड़ा। इसके इलावा कुछ ही दूरी पर एक ओर आरो का पानी ले जाने वाला पिकअप वाहन फंसा हुआ था। जिसे निकालने के लिए ड्राइवर साधन की तलाश में वहां से गायब था। धरना प्रदर्शन में पार्षदों ने आरोप लगाया था कि सीवरेज निर्माण कार्य में नगर निगम का कोई टेक्निकल अधिकारी नहीं रहते ऐसे में ठेकेदार न केवल मनमानी करता बल्कि सिवर लाइन के कामों से निकली मिट्टी और अन्य मटेरियल को ट्रैक्टरों से बेच रहा है।

### इनका कहना है

सीवरेज लाइन के कम गुणवत्ता विहीन हो रहे हैं, सभी पार्षदों ने धरना प्रदर्शन कर जांच की मांग की है, हमें आरोप लगाए 24 घंटे भी नहीं हुए लेकिन बारिश ने नगर निगम के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। पूरे काम की जांच हो जाए तो कई अधिकारी जेल चले जाएंगे।

**अनिल कुमार वैश्य**
वार्ड 36 पार्षद एवं
अपीलीय समिति सदस्य

# खो-खो खिलाड़ियों को किया गया प्रोत्साहित

## सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जबलपुर में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व



**सीधी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में व एरो माइनिंग कंसल्ट कंपनी कर्नाटक व मुंबई के संस्थापक रवि चंद्रन राज के निर्देशन में सीधी के सीनियर राज्यस्तरीय बालक बालिका खो-खो खिलाड़ियों को 22 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई व विजयी भवः की शुभकामनाएँ दी गई। 57वी सीनियर राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष का आयोजन जबलपुर में 26, 27 एवं 28 मार्च को होना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें सीधी जिले के 30 खिलाड़ी 15 पुरुष व 15 महिला इस आयोजन में सम्मिलित होंगे।

सीधी जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत क्षेत्र हड़बड़ो के सभी खो-खो खिलाड़ियों का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री अरविंद श्रीवास्तव एवं ऐरो माइनिंग कंसल्ट कंपनी के संस्थापक श्री रवि चंद्रन राज से खेल संवाद हुआ। खिलाड़ियों से संवाद के दौरान सभी बच्चो का परिचय व उनकी प्रतिभा जानने के साथ ही उनके इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु आर्थिक स्थिति जानना चाहा जिसमें बच्चो के द्वारा स्वयं के व्यय की बात सामने आई व कुछ बच्चो के द्वारा ऐसे खेल भाव को प्रकट किया गया जैसे खेल हेतु उधार पैसे लेने व खेल के बाद सहयोग स्वरूप कार्य करके उधार पैसे को चुका देने की बात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व ऐरो माइनिंग कंसल्ट कंपनी के संस्थापक को बहुत प्रभावित किया। खिलाड़ियों के इस खेल स्पिरिट को देखते हुए तत्काल ही खिलाड़ियों को 6 हजार रुपये नकद व 16 हजार रुपये का बैंक चेक सौंपा गया जिससे खिलाड़ियों के एंट्री फीस बिना किसी दिक्कत के जमा हो सके व खिलाड़ियों को खेल में धन का अभाव आड़े ना आए। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य, विजय की कामना के साथ बच्चों को शुभकामनाएं दी गई। खिलाड़ियों के खेल सुविधाओं के अभाव में भी उत्साह, जज्बा व खेल क्षेत्र में उपलब्धता को देखते हुए अधिकारी प्रभावित हुए व खिलाड़ियों के सुनहरे भविष्य के लिए अच्छी खेल सुविधा खेल सामग्री उपलब्ध हो पाए ऐसा प्रयास करने का आश्वासन दिया।

ये सभी खिलाड़ी श्री मानिंद शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक (कोच) खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला सीधी एवं दिवाकर सिंह चौहान हड़बड़ो निवासी के संरक्षण में खेल ट्रेनिंग प्राप्त करते है तथा दूर-दूर तक खेल विधाओ में हिस्सा लेकर गाँव, जिला, राज्य, देश के साथ-साथ विदेश की धरती पर भी भारत का नाम रोशन करते है। बच्चो में यह राशि आनंद के साथ उम्मीद की नई किरण साबित होगी।

महिला खिलाड़ी- आराधना सिंह, दीपा सिंह, प्रीति सिंह, सुप्रिया सिंह, मधु सिंह, राधा सिंह चौहान, अनीता सोंधिया, मीनाक्षी सिंह चौहान, समीक्षा सिंह चौहान, सीताकली सिंह, जनवी सिंह, सुभी साकेत, किरण जायसवाल, शोभिता शर्मा, उजाला सिंह

पुरुष खिलाड़ी- कैलाश गुप्ता, अमर साकेत, अनिरुद्ध, अजय सिंह, कमल पनिका, सौरभ सिंह चौहान, जय केवट, अभिषेक पनिका, अभिमन्यु सेन, विवेक यादव, शिवम् शुक्ला, सजन सिंह, अमित जायसवाल, अनुराग गुप्ता, कपिल यादव।

# विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक



**सीधी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 21 मार्च को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सीधी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य जिला विवाद प्रतितोषण आयोग श्रीमती विभा पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रुप मे विंध्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के जिला सीधी के अध्यक्ष श्री हरीश मिश्र एवं अखिल भारतीय उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष श्री प्रमोद मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आपूर्ति अधिकारी सीधी श्री नागेंद्र सिंह परिहार द्वारा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदस्य जिला विवाद प्रतितोषण आयोग सीधी श्रीमती विभा पांडे द्वारा उपभोक्ताओं के संरक्षण हेतु कानूनी प्रावधान व आयोग की शक्तियों से अवगत कराया गया। विंध्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष श्री हरीश मिश्रा द्वारा उपभोक्ता हित मे नापतौल विषय से संबंधित व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। एडवोकेट श्री प्रमोद मिश्रा अध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोक्ता परिषद द्वारा उपभोक्ताओं के हित में अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी सीधी श्री नागेंद्र सिंह परिहार द्वारा उपभोक्ता जागरूकता विषय में अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री संदीप कुमार तिवारी एवं श्री अभिषेक सनोडिया द्वारा आयोजक विभाग की ओर से उपभोक्ता संरक्षण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। विधिक माप विज्ञान विभाग से नापतोल निरीक्षक श्रीमती ललिता पटेल व बीमा क्षेत्र से श्रीमती रेखा सिंह परिहार शाखा प्रबंधक सीधी व एडवोकेट विनय सिंह द्वारा विचार साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत मे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आर एम शुक्ल द्वारा उपस्थित अतिथियों व उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**सीधी।** कृषि विज्ञान केंद्र सीधी में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें उपस्थित हितग्राहियों को मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकी, मत्स्य बीज संवर्धन तथा झींगा पालन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत सीधी की अध्यक्ष श्रीमती हीराबाई सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री कृष्ण दास साकेत, उपसंचालक मत्स्य उद्योग रीवा संभाग रीवा डॉ अंजना सिंह, उपसंचालक कृषि श्री संजय श्रीवास्तव, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री मंगल सिंह डोड़वे, कृषि विज्ञान केंद्र सीधी की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अलका सिंह, वैज्ञानिक श्री एस एस गौतम, सेवानिवृत्त सहायक संचालक मत्स्य उद्योग श्री वाय पी वर्मा, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग श्री दीपक शुक्ला, मत्स्य निरीक्षक श्री मयंक मिश्रा व विभिन्न मछुआ सहकारी समितियों एवं मछुआ समूहों के सदस्य तथा व्यक्तिगत मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

# फरार आरोपयों को चुरहट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीधी।** दस वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को चुरहट पुलिस नें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चुरहट उप निरीक्षक अतर सिंह के नेतृत्व में चुरहट पुलिस नें दस वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी दर्शन रावत पिता राजाराम रावत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम हरदिया थाना चुरहट को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# जिला पंजीयक ने एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2025 के प्रश्नों और आर्थिक सर्वे 2024-25 पर चर्चा की



**सीधी।** जनपद पंचायत के सभागार में संचालित यूपीएससी और एमपीपीएससी निरूशुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं से जिला पंजीयक अभिषेक बघेल ने एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2025 के सामान्य ज्ञान और सीसैट के प्रश्नों पर चर्चा की।

इस दौरान सहायक संचालक नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस किरण भारती, शिक्षिका दीक्षा लोधी, शिक्षक गुरुदेव मिश्रा और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जिला पंजीयक अभिषेक बघेल ने अभ्यर्थियों को समझाया कि पेपर के अनुसार कौन से विषय और टॉपिको पर पढ़ते समय ज्यादा ध्यान देना है। साथ ही उन्होंने अभ्यार्थियों को आर्थिक सर्वे के बारे में बताया कि आर्थिक सर्वे का उल्लेख संविधान में कहीं पर भी नहीं है और इसे बजट के एक दिन पहले संसद में पेश किया जाता है। आर्थिक सर्वे 2024-25 के अनुसार भारत के जीडीपी में वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 से 6.8: की वृद्धि का अनुमान हैं। एनपीए में भी कमी देखी गई, भारत की आईपीओ में वित्त वर्ष 2013 से वित्त वर्ष 2024 के बीच छह गुना वृद्धि हुई। इसी प्रकार आर्थिक सर्वे की विभिन्न शब्दावलियों से अभ्यर्थियों को परिचित करवाया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज निरंतर रूप से संचालित हो रही है।

# गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर द्वारा विश्व जल दिवस कार्यक्रम



**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरसरहा के सहयोग से सेक्टर क्रमांक 5 कुवरी विकासखंड सिहावल जिला सीधी के आदर्श ग्राम मरसरहा के झिरिया नाला में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्श दाता गोविंद प्रसाद गौतम जी के मुख्य आतिथ्य नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र के अध्यक्षता एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजेश सिंह जी के विशिष्ट आतिथ्य में और ग्राम पंचायत के सदस्य, ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर बैठक कर सभी को जल संरक्षण करने और समिति के रिकार्ड संधारण करने की चर्चा की गई और विश्व जल दिवस कार्यक्रम मे सभी के सहयोग से झिरिया नाला में बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया जिससे पानी संरक्षित कर जनवरो को प्यास बुझाने के लिए आसानी से पीने का पानी सुलभ कराया गया इसके बाद नवांकुर संस्था अध्यक्ष रविशंकर मिश्र द्वारा सभी उपस्थित जन समुदाय का धन्यवाद करते हुए बताया गया की आज के समय में राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा हर जगह जल संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है आस पास के क्षेत्र में जल स्तर में भी वृद्धि होती है और जल स्त्रोतों में जल स्तर की कमी नहीं होती है साथ ही ग्राम के अंदर जन सहयोग से सभी हैंड पंपों के पास सोक्ता गड्ढा बनाए और नदी नालों में बोरी बंधान का जल संरक्षण करने का कार्य करें,कार्यक्रम के अंत में राजेश सिंह द्वारा सभी अतिथियों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पुजौही ,परामर्शदाता गोविंद गौतम प्रस्फुटन समिति मरसरहा, छात्र आनंद दीक्षित और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मिले सांसद डॉ राजेश मिश्रा



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने की पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि शाह जी का मार्गदर्शन सदैव सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और जनहित व देश हित में और भी सजगता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करता है। डॉ मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री शाह से मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

# ललऊघाट के पीछे वन रही नाली की जांच कराये जाने की मांग



**रीवा।** वार्ड क्र.23 ललऊ घाट के पीछे मुस्लिम वस्ती में पूर्व अन्डर ग्राउन्ड बनी नाली के ऊपर वार्ड 23 के पार्षद पति तोड़वाकर एक व्यक्ति के लिए नई नाली का निर्माण करा रहा है। 21 फरवरी को मोहल्ले की जागरुक जनता ने नाली के पुर्ननिर्माण पर रोक लगाने की मांग आयुक्त नगर निगम से की थी लेकिन आयुक्त ने जनता की आबाज को न सुन नाली निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। वार्ड 23 ललऊ घाट के पास के रहवासी श्रीमती सहरुन निशा, श्रीमती संध्या सिंह, श्रीमती रहीशा खांन, श्रीमती मोमिना मंसूरी, श्रीमती रेनू सिंह, फिरदौस अंसारी सामाजिक कार्यकर्ता गफूर खांन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जो नाली निर्माण कराया जा रहा है वह पूर्णरूप से गुणवत्ता विहीन कराया जा रहा है, शासकीय धन का बंदरबाट पार्षद पति, ठेकेदार एवं इंजीनियर अपूर्वा सिंह के द्वारा किया जा रहा है, नाली निर्माण में लगे मजदूरों का कहना है कि जिस तरह से हमें आदेश ठेकेदार एवं इंजीनियर द्वारा दिया गया है उसी तरह से बनायेगें। नाली निर्माण कार्य को देखने के लिए न तो इंजीनियर ही आ रही है और न ही ठेकेदार। मोहल्ले के निवासियों ने आयुक्त नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गुणवत्ता विहीन बनाई जा रही नाली की जांच कराने की मांग की है।

# ओलावृष्टि बरपा रहा कहर, किसानों की फसल बर्बाद



**सीधी।** जिले में बुधवार रात से शुरू हुई बारिश के बाद गुरुवार को भी दिन-रात रुकरुकर हल्की बारिशका दौर चला। शुक्रवार को सुबह बादल छटा तो धूप दिखी लेकिन शाम को फिर से अचानक आसमान में बादल छा गए और कुछ ही पल में बारिश का दौर शुरू हो गया। जिले के भुईमाह अंचल में जमकर ओले गिरे जिससे फसलों को काफी नुकसान हुई। एक दर्जन से अधिक गांवों में 5 से 10 मिनट बेर के आकार के ओले गिरने से खड़ी फसल चौपट हो गई।

इसके साथ ही मझौली तहसील के टिकरी अंचल में भी हल्की ओलावृष्टि हुई है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और ओलावृष्टि होने से फसलें खेतो में पसर गई, जिससे गेहूं की बालियां खराब होने की आशंका बढ़ गई है। जिले सहित भुईमाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली और तेज गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान भुईमाड़ क्षेत्र में ओले गिरे, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक आसमान साफ था, लेकिन शाम होते-होते काले बादलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया। देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। कुछ स्थानों पर मटर के आकार के ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसलें बिछ गई।

जिले के भुईमाड़, गैवटा, कठौतिया करैल, सोनगढ़, केशलार, अमरोला सहित अन्य गांवों में 10 से 15 थानानिट तक ओलावृष्टि हुई है। बेमौसम बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से चना, मसूर, अरहर के साथ ही गेहूं की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। इसके अलावा सब्जियों व आम व महुआ की फसलों को भी काफी नुकसान होना बताया जा रहा है।

बेमौसम बारिश से जहां आम और महुआ के मंजर झड़ गए, वहीं गेहूं की फसल गिरने से पैदावार पर असर पड़ सकता है। अरहर की फसल भी पानी और ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है। किसानों के अनुसार, इस समय गेंहूं की फसल पककर तैयार हो रही थी, वहीं महुआ भी फूलने लगा था। ऐसे में बारिश और ओलों के कारण दोनों फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। स्थानीय कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम को देखते हुए किसानों को सतर्क रहना होगा। बताते चलें कि जिले में लगातार बारिश का दौर विगत तीन दिन से चल रहा है, जबकि जिस खतरे का अंदेशा था वही हुआ और ओलावृष्टि का दौर जारी हो गया।

# भारतीय जीवन बीमा निगम के लाखों अभिकर्ताओं का जंगी प्रदर्शन दिल्ली के रामलीला मैदान में सम्पन्न

## अभिकर्ताओं के समर्थन में 9 लोकसभा सांसद एवं 2 राज्य सभा सांसद शामिल होकर मांगे पूरी कराने का बीणा उठाया



**सीधी।** एल आई सी के लाखों लाख अभिकर्ताओं की विशाल चिलचिलाती धूप में भी भारत देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में जंगी प्रदर्शन करने के लिए लगातार 6 घंटे तक डटे रहे। जहां पर भारत के 9 लोकसभा सांसद एवं 2 राज्य सभा सांसद तथा कई विधायकों की उपस्थिति में जोरदार जंगी प्रदर्शन सफल हुआ। जहां पर सभी सांसदों ने एलआईसी एजेंट की मांगों को सदन में रखने एवं पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिए हैं। मांगों में मुख्य रूप से भारतीय जीवन बीमा धारकों को बोनस (ब्याज) दर बढ़ाने, जी एस टी हटाने, पूर्व की भांति आयकर टैक्स में छूट होने, अभिकर्ताओं का कमीशन पूर्व की भांति करने, बैंकों को बीमा करने से वंचित करने, सभी शाखाओं में रिवाइवल, मैच्योरिटी होने, हेल्थ इंश्योरेंस एवं मोटर्स दुर्घटना बीमा करने की सुविधा मुहैया कराने, क्ला बैंक कमीशन का वापस लेने, सभी पालिसी 1 लाख रुपए के सम एश्योर्ड हो, सी एल आई ए स्कीम को आसान करने जैसें कई प्रमुख हैं। ज्ञातव्य होवे कि गत 1 अक्टूबर, से भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपने पालिसियों एवं अभिकर्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओ में अमूलचूल परिवर्तन किया है जिसके विरोध में एलआईसी के विशालकाय 15 लाख अभिकर्ताओं के संगठन एकत्रित हो कर यूनिइटेड फोरम आफ एलआईसी एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले लाखों जांबाज अभिकर्ताओं, सांसदों और विधायको की उपस्थिति में दिल्ली के रामलीला मैदान में जंगी प्रदर्शन किए।

अपने उद्बोधन में लियाफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार महाभारत में सिर्फ 5 पांडव सैकड़ों कौरवों पर भारी होकर विजयी हुए उसी प्रकार अपनी जायज मांगों को पूरा कराने के डटे हुए हैं। फेडरेशन रिप्रेजेंटेटिव फ्रॉम वारियर्स ऑर्गेनाइजेशन के श्यामलाल चक्रबर्ती, से बी श्रीनिवास चारी, बी मार्कण्डेयुलु, जगदीश जवाहर, अक्षय कुमार राउतराय, सैयद इमरान आलम, सुधीर पानधे, प्रदीप रावत, विनय सिंह बाघेल जैसे कई अभिकर्ताओं ने भारत के कोने कोने से आए एजेंटो की मांगों को पूरा कराने आश्वासन ब्यक्त किए।

## संपादकीय

### कब खत्म होगी रूस-यूक्रेन की जंग?

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मंगलवार को हुई टेलिफोन बातचीत उस कदर कामयाब भले न हुई हो जैसी उम्मीद की जा रही थी, फिर भी सीमित युद्धविराम पर सहमति शांति की दिशा में एक कदम जरूर है। पिछले हफ्ते एक महीने के अस्थायी युद्धविराम पर यूक्रेन की सहमति मिलने के बाद कई हलकों में माना जा रहा था कि शांति अब ज्यादा दूर नहीं है। इस लिहाज से रूसी राष्ट्रपति पुतिन का यह कड़ा रुख पहली नजर में बहुतों को अप्रत्याशित लग सकता है। लेकिन यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों का जितना कुछ दांव पर लगा है, उसे देखते हुए उनका फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना अस्वाभाविक नहीं है। सीमित युद्धविराम पर सहमति के बाद शांति की बढ़ी हुई उम्मीदों के बीच दोनों ही पक्ष अपना रुख और कड़ा करते हुए दिख रहे हैं। जहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने स्थायी युद्धविराम के लिए यूक्रेन को मिलने वाली हर तरह की बाहरी सहायता पर पूर्ण रोक और उसे नैटो सदस्यता न देने की प्रतिबद्धता जैसी शर्तें रखी हैं वहीं यूक्रेन कह रहा है कि वह अपनी संप्रभुता को लेकर कोई सौदेबाजी नहीं करेगा और रूस को उसकी कब्जा की गई जमीन वापस करनी होगी। यूरोपीय देश यूक्रेन के पलड़े का वजन बढ़ाने की कोशिश में अभी भी लगे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत में यह बात दोहराई कि स्थायी और न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन की स्थिति को अधिकाधिक मजबूती देने की जरूरत है। निश्चित रूप से पूर्ण युद्धविराम की ओर ले जाने वाली आगे की राह मुश्किलों से भरी है। यूक्रेन की कुल भूमि का करीब पांचवां हिस्सा रूस के कब्जे में है। क्या रूस यह जमीन लौटा देगा? न लौटाने पर क्या यूक्रेन इस जमीन पर अपना दावा छोड़ देगा? दोनों में से कोई विकल्प आसान नहीं, लेकिन याद रखना होगा कि विश्व बैंक के मुताबिक तीन साल से चल रहे इस युद्ध में अकेले यूक्रेन को 152 बिलियन डॉलर यानी करीब 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

**दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटकों का काण भूगर्भ से तनावङ्कऊर्जा उत्सर्जन है। यह ऊर्जा अब भारतीय प्लेट के उत्तर दिशा में बढ़ने और फॉल्ट या कमजोर जोनों के जरिये यूरेशियन प्लेट के साथ टकराने के चलते एकत्र हुई है। वाडिया इंस्टिट्यूट के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में कई सारे कमजोर जोन और फॉल्ट हैं: दिल्ली-हरिद्वार रिज, महेंद्रगढ़-देहरादून उपसतही फॉल्ट, मुरादाबाद फॉल्ट, सोहना फॉल्ट, ग्रेट बाउंड्री फॉल्ट, दिल्ली-सरगोधा रिज, यमुना नदी लीनियामेंट आदि। नए साल के भूकंप का केंद्र महेंद्रगढ़ ही था।**

# दिल्ली को क्यों लग रहे भूकंप के झटके, क्या खतरे में हैं राजधानी

(नवीन जायसवाल)

उत्तर प्रदेश में 17 फरवरी 2025 को 7 ?जिलों में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई थी। राष्टीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था। इसकी गहराई करीब 5 किलोमीटर थी। 17 जनवरी 2024 को भी भूकंप के झटके से दिल्ली कांप गया था। इससे पहले भी दो बार ऐसे भूकंप के झटके आए थे, जिनमें से एक अतिगंभीर की श्रेणी में था।

इस समय दुनिया भूकंप झटकों से कांप रही है। कभी अफगानिस्तान, रुस, अमेरिका, विश्व का ऐसा कोई हिस्सा नहीं बचा यहां भूकंप की खबरें रोज पड़ने को मिल रही है। 21 मार्च 2025 को ईरान में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। झटके मध्य ईरान के इस्फहान प्रांत के नतांज क्षेत्र में महसूस किए गए हैं। भूकंप वाले क्षेत्र में एक प्रमुख परमाणु स्थल स्थित है। हालांकि, ये साफ नहीं हो पाया है कि झटकों से नतांज परमाणु संयंत्र को कोई नुकसान हुआ या नहीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 21 मार्च 2025 को शुक्रवार को ईरान में 5 तीव्रता का भूकंप आया।

अब यह झटके भारत में भी साल-दर साल बढ़ते जा रहे हैं। साल 2020 में दिल्ली और उसके आसपास के दायरे में कुल 51 बार धरती थर्राई। ये झटके भले ही हलके हों, लेकिन बहुत बड़े खतरे का संकेत हैं। नैशनल सेंटर फार सिस्मॉलजी ने दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन चार में आंका है। यानी यहां भूकंप आने की संभावनांए गंभीर स्तर पर हैं।

क्यों खतरे में है दिल्ली- कोई 1482 वर्ग किलोमीटर में फैली राजधानी दिल्ली की आबादी सवा दो करोड़ के करीब है। एनसीआर को मिला लें तो सवा तीन करोड़ लोगों की इस बसावट का चालीस फीसदी हिस्सा अनधिकृत है और करीब 20 फीसदी बहुत पुराने निर्माण हैं। बाकी रिहाइशों में से बमुश्किल पांच प्रतिशत का निर्माण ऐसा है, जिसे भूकंपरोधी के रूप में सत्यापित किया जा सका है। सबसे बड़ी बात है महानगर की हर दिन बढ़ती आबादी में इस भयानक खतरे की प्रति जागरूकता की कमी।

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटकों का काण भूगर्भ से तनावङ्कऊर्जा उत्सर्जन है। यह ऊर्जा अब भारतीय प्लेट के उत्तर दिशा में बढ़ने और फॉल्ट या कमजोर जोनों के जरिये यूरेशियन प्लेट के साथ टकराने के चलते एकत्र हुई है। वाडिया इंस्टिट्यूट के मुताबिक






दिल्ली-एनसीआर में कई सारे कमजोर जोन और फॉल्ट हैं- दिल्ली-हरिद्वार रिज, महेंद्रगढ़-देहरादून उपसतही फॉल्ट, मुरादाबाद फॉल्ट, सोहना फॉल्ट, ग्रेट बाउंड्री फॉल्ट, दिल्ली-सरगोधा रिज, यमुना नदी लीनियामेंट आदि। नए साल के भूकंप का केंद्र महेंद्रगढ़ ही था।

यमुना और हिंडन

सन 2016 में भारत सरकार के नैशनल सेंटर फॉरर सिस्मॉलजी ने कोई 450 स्थानों पर गहन शोध कर भूकंप की आशंका पर एक रिपोर्ट जारी की थी। 'ए रिपोर्ट ऑन सेस्मिक हजार्ड - माइक्रो जोनेशन ऑफ एनसीटी दिल्ली' नाम की रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि एक तो दिल्ली दुनिया के सबसे युवा पहाड़ हिमालय के बहुत करीब है और दूसरे यह अरावली पर्वतमाला के अंतिम सिरे पर है। दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता इसकी बसावट का आधे से ज्यादा हिस्सा यमुना के बाढ़ क्षेत्र में बसा होना है। खासकर गांधीनगर से लेकर ओखला तक बसी आबादी तो यमुना की दलदल पर ही बसी है और यह पूरा सघन आबादी वाला बहुमंजिला इमारतों का क्षेत्र है। ठीक यही हाल गाजियाबाद और नोएडा की नई गगनचुंबी इमारत वाली बस्तियों का है जो कि हिंडन या यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में बसा दी गई हैं।

रास्ता नहीं भूलती नदी

जान लें कि कोई भी नदी अपना रास्ता दो सौ साल तक नहीं भूलती। आज नदी का रास्ता बदलने से खाली हुई जमीन पर यदि पक्का निर्माण कर लिया तो दो सदी में कभी भी नदी अपनी जमीन वापस मांग सकती है। इसका मूल कारण है कि भले ही सीमेंट पोत कर धरती का ऊपरी कायाकल्प कर लें, उसकी भीतरी परत, उसके भीतर की भूगर्भीय संरचना बदलती नहीं। राष्टीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के एक शोध से स्पष्ट हुआ है कि भूकंप का एक बड़ा कारण धरती की कोख से जल का अंधाधुंध दोहन करना भी है। भूजल धरती के भीतर लोड यानी कि एक भार के तौर पर उपस्थित होता है। इसी लोड के चलते फॉल्ट लाइनों में भी संतुलन बना रहता है। बाहरी दिल्ली में वे इलाके भूकंप की दृष्टि से अधिक संवेदनशील माने गए हैं, जहां भूजल बहुत ही नीचे चला गया है।

आज जरूरत है कि दिल्ली में आबादी का घनत्व कम करने की, जमीन पर मिट्टी की ताकत मापे बगैर कई मंजिला भवन खड़े करने और बेसमेंट बनाने पर रोक लगाई जाए और भूजल के दोहन पर सख्ती हो। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि राजधानी में 42 लाख से अधिक भवनों की भूकंपरोधी रेट्रोफिटिंग करवाई जाए। साल 2012 में डीडीए में इसकी योजना भी बनी थी, रेट्रोफिटिंग के लिए ही एक अलग डिविजन बनाने की बात थी, लेकिन इसके बाद यह काम फाइलों में दब गया।

# रामधारी सिंह दिनकर- नर और नारी, दोनों के जीवन के उद्देश्य एक हैं; सूत्र है पूर्णता का आभास करना

(ज्योति भास्कर)

नारी केवल नर को रिझाने अथवा उसे प्रेरणा देने के लिए नहीं बनी है, बल्कि जीवन यज्ञ में उसका भी अपना हिस्सा है और वह हिस्सा घर तक ही सीमित नहीं, बल्कि बाहर भी है।

अर्धनारीश्वर शंकर और पार्वती का कल्पित रूप है, जिसका आधा अंग पुरुष का और आधा अंग नारी का होता है। स्पष्ट ही, यह कल्पना शिव और शक्ति के बीच पूर्ण समन्वय दिखाने को निकाली गई होगी, किंतु इसकी सारी व्याप्तियां वहीं तक नहीं रुकतीं। अर्धनारीश्वर की कल्पना में कुछ इस बात का भी संकेत है कि नर-नारी पूर्ण रूप से समान हैं एवं उनमें से एक के गुण दूसरे के दोष नहीं हो सकते। अर्थात नरों में नारियों के गुण आएं, तो इससे उनकी मर्यादा हीन नहीं होती, बल्कि उनकी पूर्णता में वृद्धि होती ही होती है। किंतु पुरुष और स्त्री में अर्धनारीश्वर का यह रूप आज कहीं भी देखने में नहीं आता।

संसार में सर्वत्र पुरुष पुरुष है और स्त्री स्त्री। नारी समझती है कि पुरुष के गुण सीखने से उसके नारीत्व में बट्टा लगेगा। इसी प्रकार पुरुष भी स्त्रियोचित गुणों को अपनाकर समाज में स्त्रैण कहलाने से घबराता है। स्त्री और पुरुष के गुणों के बीच एक प्रकार का विभाजन हो गया है तथा विभाजन की रेखा को लांघने में नर और नारी, दोनों को भय लगता है। किंतु लगता है कि गुणों का बंटवारा करते समय पुरुष ने नारी से उसकी राय नहीं पूछी, अपने मन से उसने जहां चाहा, नारी को बिठा दिया। स्वयं तो वह वृक्ष बन बैठा और नारी को लता बना दिया। स्वयं तो वह वृंत बन गया और नारी को उसने कली मान लिया।

यदि आदिमानव और आदिमानवी आज मौजूद होते, तो ऐसी कल्पना से सबसे अधिक आश्चर्य उन्हें ही होता। हम तो साथ-साथ जन्मे थे तथा धूप और चांदनी में, वर्षा और आतप में



साथ ही घूमते भी थे; बल्कि आहार-संचय को भी हम साथ ही निकलते थे और अगर कोई जानवर हम पर टूट पड़ता, तो हम एक साथ उसका सामना भी करते थे। नारी की पराधीनता तब आरंभ हुई, जब मानव जाति ने कृषि का आविष्कार किया, जिसके चलते नारी घर में और पुरुष बाहर रहने लगा। यहां से जिंदगी दो टुकड़ों में बंट गई। नर और मादा पशुओं में भी थे और पक्षियों में भी। किंतु पशुओं और पक्षियों ने अपनी मादाओं पर आर्थिक परवशता नहीं लादी। लेकिन मनुष्य की मादा पर यह पराधीनता आप से आप लद गई। और इस पराधीनता ने नर-नारी से वह सहज दृष्टि भी छीन ली, जिससे नर पक्षी अपनी मादा को या मादा अपने नर को देखती है।

नारी और नर एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएं हैं। आरंभ में दोनों बहुत कुछ समान थे। आज भी प्रत्येक नारी में कहीं न कहीं कोई एक प्रच्छन्न नर और प्रत्येक नर में कहीं न कहीं एक क्षीण नारी छिपी हुई है। किंतु सदियों से नारी अपने भीतर के नर को और नर अपने भीतर की नारी को बेतरह दबाता आ रहा है। परिणाम यह है कि आज सारा जमाना ही मर्दाना मर्द और औरताना औरत का हो उठा है। नर-नारी के प्रचलित संबंधों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव संसार के इतिहास पर पड़ रहा है और जब तक यह संबंध नहीं सुधरते, शांति के मार्ग की सारी बाधाएं दूर नहीं होंगी। नारी केवल नर को रिझाने अथवा उसे प्रेरणा देने के लिए नहीं बनी है, बल्कि जीवन यज्ञ में उसका भी अपना हिस्सा है और वह हिस्सा घर तक ही सीमित नहीं, बाहर भी है। जिसे भी पुरुष अपना कर्मक्षेत्र मानता है, वह नारी का भी कर्मक्षेत्र है। नर और नारी, दोनों के जीवनोद्देश्य एक हैं।

**सूत्र- पूर्णता का आभास करें-** गांधी जी ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में नारीत्व की भी साधना की थी। अर्धनारीश्वर केवल इसी बात का प्रतीक नहीं है कि नारी और नर जब तक अलग हैं, तब तक दोनों अधूरे हैं, बल्कि इस बात का भी कि पुरुष में नारीत्व की ज्योति जगे और प्रत्येक नारी में भी पौरुष का स्पष्ट आभास हो। प्रत्येक नर को एक हद तक नारी व प्रत्येक नारी को एक हद तक नर बनाना भी जरूरी है।

## वर्ग पहेली 5678

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ | 9 | |
| ■ | 10 | 11 | | | ■ | | ■ |
| 12 | | | ■ | | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| ■ | 17 | 18 | ■ | 19 | | ■ | 20 |
| 21 | ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1998 को यहां अफ्रिका ने वेस्टइंडीज को हराकर क्रिकेट का मिनी वर्ल्ड कप जीता (2)
3. भारत में पहला भाप इंजन पश्चिम बंगाल में स्थित यहां के रेल कारखाने में 1950 को बनाया गया (5)
7. पूंछ, दुम, संपूर्ण जाति का शुद्ध स्वरों का एक राग (2)
8. लुआबा, लासा (2)
9. दो की संख्या, निग्रह, मृत्युदेव (2)
10. नया आया हुआ (4)
12. जल की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
13. अगर ऐसा न होगा तो (2)
14. पुरुष, मर्द (2)
15. निराश, नाउम्मीद, निरुत्साहित (3)
17. किसी नगर-कस्बे आदि का प्रवेश स्थल (2)
19. जल, बुनियाद, आदि कारण (2)
22. सहयोग, सहायता, इमदाद (3)
24. जो किया जाए, काम, क्रिया (2)
25. अज्ञात, अप्रसिद्ध (4)
26. माता सरस्वती का एक नाम (3)

**ऊपर से नीचे**
1. छलानयुक्त, अधोगामी, ढलवां (2)
2. कामचोरी करना (6)
3. दीपक, दीआ (3)
4. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध पार्श्वगायक (7)
5. भारतीय स्वतंत्रता सेनानी जो लोकनायक नाम से भी जाने गए (सिर्फ आरंभिकनाम)(5)
6. हल्का गीला, आंशिक आर्द्र (2)
11. प्रहार, हमला करने की क्रिया (2)
12. दृश्य (अंग्रेजी) (2)
16. नृत्य-गीत का मान, करतल ध्वनि (2)
18. आरजू, तमन्ना, हसरत (3)
20. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
21. गतिहीन, शक्तिहीन, लंगड़ा (2)
23. बल, कश, ताकत (2)
24. हाथ, हस्त, महसूल (2)

### वर्ग पहेली 5677 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | द | न | ■ | म | ले | शि | या |
| बो | ल | ■ | अ | ज्ञा | न | ■ | दें |
| द | प | ट | ना | ■ | दे | व | ■ |
| र | ति | ■ | मि | ल | न | सा | र |
| ■ | ■ | न | का | ब | ■ | मु | श्क |
| मा | ल | वा | ■ | ■ | मु | क्त | ■ |
| धू | ■ | ग | र्द | ■ | क | ■ | ता |
| क | पू | त | ■ | क | री | ब | न |

## बायोसिमिलर दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देना जरूरी, ताकि कम हो सके इलाज का खर्च

(धनेंद्र कुमार)

भारत में करोड़ों लोगों को अपने घरेलू खर्च का बहुत बड़ा हिस्सा पारिवारिक बीमारियों के इलाज में खर्च करना पड़ता है, उनके बजट का कभी-कभी तो 50 से 70त्न तक का हिस्सा अस्पतालों और दवाइयों के चक्कर में खर्च हो जाता है। इससे गरीब और औसत परिवारों पर बहुत बोझ पड़ता है और इसके लिए कभी-कभी तो लोगों को अपने घर या जमीन को बेचना पड़ता है या परिवार के गहने गिरवी रखने पड़ते हैं।

कुल मिलाकर इसके कारण देश में 3 से 4 करोड़ लोग सालाना गरीबी रेखा के जाल में फंस जाते हैं। कई बार तो इन गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई और रहन-सहन आदि पर भी बहुत दुष्प्रभाव पड़ता है। बढ़ती बीमारियों में ज्यादा किफायती इलाज के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है। वैसे तो सरकार द्वारा अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं जिनमें आयुष्मान भारत आदि शामिल हैं, फिर भी गरीब और निचले औसत दर्जे के करोड़ों परिवारों को दवा और इलाज में होने वाले बढ़ते खर्च का डर हमेशा सताता रहता है। इस संबंध में बायोसिमिलर दवाएं बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं जो सुरक्षा और प्रभावशीलता में आम बायोलोजिक्स की दवाओं से कोई विशेषतः भिन्न नहीं होती और इसके जांच के लिए भी कड़े मानक बनाए हुए हैं।

यदि आम भाषा में कहा जाए, बायोलोजिक्स की दवाएं वही होती हैं जो बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं और पेटेन्ट द्वारा सुरक्षित होती हैं। अक्सर इनकी कीमत काफी ज्यादा होती है, परन्तु एक बार पेटेन्ट समाप्त होने के बाद इन्हें उसी प्रकार की गुणवत्ता के अनुरूप बायोसिमिलर प्रणाली से बनाया जा सकता है।

बायोसिमिलर दवाइयां और इनका लाभ

बायोसिमिलर दवाइयां तकरीबन वैसी ही होती हैं जैसी मूलतः बायोलोजिक दवाइयां, और उनका फायदा भी वैसा ही होता है, अलबत्ता उन्हें क्वालिफाइड डॉक्टरों की सलाह पर ही देना चाहिए। इस समय देश में लगभग 100 बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन को स्वीकृति मिल चुकी है और हमारा देश दुनिया में बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन में अग्रणी है। एक अनुमान के अनुसार देश में 118 बायोलोजिक्स की ऐसी दवाएं हैं जिनका पेटेन्ट 2015 से 2034 के बीच समाप्त हो रहा है। लेकिन उनमें से केवल 10ः दवायें ऐसी हैं जिनका बायोसिमिलर प्रणाली में विकसित करने की योजना है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसके अन्दर हमारे यहां बहुत तेजी से बायोसिमिलर दवायें बनाई जा सकती हैं। इन दवाओं की कीमत अनुमानतः बायोलोजिक्स की संबंधित दवाओं से लगभग 50 से 75त्न तक कम हो सकती हैं जिससे आम आदमी के दवाओं के खर्च में काफी बचत हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष**

मेष राशि वालों के लिए दिन करियर के लिए अच्छा है और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। धन लाभ भी हो सकता है और आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शाम से रात तक का समय विशेष रूप से शुभ रहेगा और आपको धन लाभ होगा। हालांकि, खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है।

**वृष**

वृषभ राशि वालों के लिए दिन तरक्की और सफलता से भरा रहेगा। किस्मत आपका साथ देगी। आप जो भी काम करेंगे, उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आप अपने काम की प्रशंसा सुनकर खुश होंगे और रात के समय किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन**

मिथुन राशि वालों को व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा और सम्मान में वृद्धि होगी। आपके घर या ऑफिस में विवाद हो सकते हैं, इसलिए सावधान रहें। आपका शत्रु पक्ष आपको परेशान कर सकता है, जिससे आपका मन काम में नहीं लगेगा।

**कर्क**

कर्क राशि वालों को करियर में सफलता मिलेगी और आप हर क्षेत्र में अपना नाम कमाएंगे। आपके सभी काम बनेंगे और पुराने झगड़े और विवाद खत्म होंगे। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा और आपको किसी महत्वपूर्ण पद की प्राप्ति भी हो सकती है।

**सिंह**

सिंह राशि वालों के लिए दिन तरक्की से भरा रहेगा और आपको करियर में मनचाही सफलता मिलेगी। आपका सहकर्मियों पर खोया हुआ विश्वास वापस मिलेगा और आपको संतान पक्ष के लोगों से फिर से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी बाहरी व्यक्ति के हस्तक्षेप से सावधान रहें।

**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए दिन असमंजस से भरा होगा। आपको समझ नहीं आएगा कि क्या करना सही होगा और क्या गलत। इस वजह से काम लटके रहेंगे और उलझन महसूस होगी। रचनात्मक कार्यों में गति आएगी।

**तुला**

तुला राशि वालों को जोखिम भरे काम से बचने की सलाह है। कार्यक्षेत्र में हर तरह के रिस्क से दूर रहें और आप हर कदम सोच-समझकर बढ़ाएं। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके मान सम्?मान में वृद्धि होगी। शाम के समय तरक्की के योग बनेंगे और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन उथल-पुथल से भरा रहेगा और आपको कई तरह के विवाद और झंझट का सामना करना पड़ सकता है। शाम तक समय निकालकर इन विवादों को सुलझा लें, तो काम बन जाएंगे। आपके मान सम्?मान में वृद्धि होगी।

**धनु**

धनु राशि वालों को करियर में लाभ होगा और आपके सभी काम समय पर पूरे होंगे। मेहनत से किया गया हर प्रयास सफल होगा। लाभ होगा और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रात में माता को अचानक कोई परेशानी हो सकती है,

**मकर**

मकर राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा और आपको सुबह से ही मूड अच्छा रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ के चक्कर में दिनभर भागदौड़ कर सकते हैं। परिस्थितियां सुधरेंगी और सभी काम पूरे होंगे। आपको भाग्य का साथ मिलेगा और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ**

कुंभ राशि वालों के लिए दिन व्यस्त रहेगा। एक साथ कई काम आपके हाथ में आने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है। विरोधी आपको फालतू काम में उलझ सकते हैं, इसलिए सावधान रहें। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दें, दिन परेशानियों और कठिनाइयों से भरा हो सकता है।

**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए अच्छी खबर है और आपको उन्हें सफलता मिलेगी और भाग्य का साथ मिलेगा। मानसिक शांति बनी रहेगी और रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। प्रमोशन मिलने की संभावना है और आपके लिए धन में वृद्धि के योग हैं। रात में अचानक मेहमान आ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलमेट पहना और बांध लिए सिलिंडर, पालघर में सामने आया खुदकुशी का अजीब केस

**पालघर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर में खुदकुशी का एक बेहद अजीब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने खुदकुशी करने के लिए खुद से कार्बन मोनोऑक्साइड का सिलिंडर बांध लिया। उसने घर के बाहर एक नोट भी छोड़ा था जिसमें लोगों को सावधान रहने के लिए कहा था। मामला पालघर के वसई क्षेत्र का है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के बंगले में कार्बन मोनोऑक्साइड के पांच सिलेंडर मिले हैं। उन्होंने बताया कि श्रेय अग्रवाल (27) ने गैस रिसाव से बचने के लिए खिड़कियों और दरवाजों को चिपकने वाले टेप से सील करने का काफी प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि श्रेय अग्रवाल का शव बुधवार शाम को बरामद किया गया। दरअसल कार्बन मोनोऑक्साइड गैस कई बार साइलेंट किलर का काम करती है। कार्बन मोनोऑक्साइड सांस के रास्ते फेफड़ों में पहुंचती है और फिर खून में घुल जाती है। कई बार कार्बन मोनोऑक्साइड की वजह से लोगों की सोते समय मौत हो जाती है। आम तौर पर सर्दियों में लोग अंगीठी जलाकर सोते हैं और यह कई बार जानलेवा साबित होती है। नायगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि अग्रवाल ने हेलमेट पहना हुआ था और उसने बाहर एक नोट भी छोड़ा था, जिसमें अंदर आने वाले किसी भी व्यक्ति से लाइट न जलाने तथा अन्य सुरक्षा निर्देशों के बारे में कहा गया था। अधिकारी ने बताया, अग्रवाल ने खुद को कार्बन मोनोऑक्साइड सिलेंडर से बांध लिया था, जबकि उसके हाथ में दो सिलेंडर थे। उसने हेलमेट पहना हुआ था और सिलेंडर से जुड़ी नेबुलाइजर ट्यूब का इस्तेमाल करके मुंह से गैस अंदर ली थी। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### लोको पायलट ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**कोटा, एजेंसी।** भारतीय रेलवे के 35 वर्षीय सहायक लोको पायलट ने कोटा के उवल विहार इलाके में स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लोकेश मालव का शव उसके भाई ने बृहस्पतिवार शाम को छत के पंखे से लटका हुआ पाया। सर्किल इंस्पेक्टर देवेश भारद्वाज के अनुसार, उसके भाई ने आरोप लगाया कि मालव ने अपने ससुराल वालों और पत्नी के दबाव में आकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि लोकेश मालव की पत्नी अपने चार वर्षीय बेटे के साथ उनसे अलग रह रही थी। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से मालव के अपनी पत्नी के साथ रिश्ते खराब हैं और उन्हें अपने बेटे से मिलने नहीं दिया जा रहा था। पुलिस ने बीएनएसएस अधिनियम की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मालव के सहकर्मियों ने आरोप लगाया कि उसने अपने नियोक्ता की प्रताड़ना के कारण आत्महत्या की है।

### नागपुर हिंसा को लेकर ताबड़तोड़ ऐक्शन; अब तक 99 लोग गिरफ्तार, 4 एफआईआर दर्ज

**नागपुर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा को लेकर अब तक 99 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नागपुर पुलिस आयुक्त रविंदर सिंगल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरी घटना को लेकर निष्पक्ष जांच की जा रही है। सिंगल ने कहा, अब तक 99 लोग अरेस्ट हुए हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हमारी ओर से निष्पक्ष जांच जारी है। शुक्रवार की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पूरे इंतजाम किए गए हैं। पूरी चौकसी बरती जा रही है। इस बीच, महाराष्ट्र पुलिस के साइबर सेल ने कहा कि नागपुर हिंसा के एक आरोपी ने सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो शेयर किया था। उसने हिंसा का गुणगान भी किया, जिसके कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में दंगे फैले। साइबर सेल के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस लोहित मटानी ने बताया, फहीम खान ने औरंगजेब के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के वीडियो को एडिट किया और शेयर किया। इसके चलते दंगे फैल गए। उसने हिंसक वीडियो का गुणगान भी किया था। आरोपी फहीम खान को 19 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे हिरासत में रखा गया है। खान माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता है। पुलिस ने सोमवार रात नागपुर में हुई हिंसा के संबंध में 4 एफआईआर दर्ज की हैं। छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ ता। इस दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच हिंसक भीड़ ने नागपुर के कई इलाकों में पथराव और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया। वहीं, स्थानीय अदालत ने इस सिलसिले में गिरफ्तार 17 लोगों को 22 मार्च यानी शनिवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजते समय अपराध की गंभीरता और प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पुख्ता आरोप लगाए जाने का हवाला दिया।

# कांग्रेस के सुनहरे दिन वापस लाएंगे राहुल गांधी! जिला इकाई प्रमुखों से फीडबैक लेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली में कांग्रेस को मिली चुनावी हार के बाद पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए कमर कस चुके हैं। राहुल 27, 28 मार्च और 3 अप्रैल को देशभर के 750 से अधिक जिला इकाई प्रमुखों से सीधे कांग्रेस की जमीनी हकीकत जानेंगे।



राहुल गांधी जिला इकाई प्रमुखों की फीडबैक का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को फिर से पटरी पर लाने में इस्तेमाल करेंगे। करीब 250 के बैच में होने वाले इस संवाद से पहले अलग-अलग राज्य इकाइयां जिला स्तर पर रिक्त पदों को सक्रिय रूप से भरने में जुटी हैं। तीन दिवसीय संवाद के दौरान, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्थानीय टीम प्रमुखों से महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्हें उस पुरानी पार्टी में उनके नए महत्व का आश्वासन देंगे, जो उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे बड़े राज्यों में खुद को पुनर्जीवित करने के लिए इच्छुक है। गांधी परिवार के गृह राज्य उत्तर प्रदेश में, पार्टी ने हाल ही में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सभी राज्य टीमों को भंग करने के महीनों बाद सभी 75 जिलों में जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति की है। उत्तर प्रदेश में संगठन लंबे समय से पार्टी प्रबंधकों के लिए एक समस्या रहा है, जहां कांग्रेस के पास 403 विधायकों में से केवल 2 और 80 सांसदों में से मात्र 6 हैं। राहुल उन छह सांसदों में से एक हैं और भाजपा शासित राज्य में खोई जमीन को बरकरार रखने के लिए पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं में जोश भरते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि, राहुल गांधी संगठनात्मक पुनर्गठन की देखरेख कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के प्रभारी पूर्व एआईसीसी सचिव और यूपी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय कपूर ने कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा हमेशा उत्तर प्रदेश पर ध्यान केंद्रित करते रहे हैं। कुछ डीसीसी प्रमुखों को बरकरार रखा गया है, जबकि कई जगहों पर नए चेहरे लाए गए हैं। ये स्थानीय नेता अब आलाकमान के साथ अपने विचार साझा करेंगे और राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए एक रोडमैप सुझाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय कपूर ने कहा कि,नए डीसीसी प्रमुखों की नियुक्ति सोशल इंजीनियरिंग को ध्यान में रखते हुए की गई है। वे नए लोगों को पार्टी में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जोश भरेंगे। पार्टी के मामलों में उनकी बात भी ज्यादा होगी। आने वाले दिनों में आप पार्टी में एक नया स्वरूप देखेंगे। उन्होंने कहा कि, अगले महीने एआईसीसी सत्र से पहले अन्य समितियों का भी गठन किया जाएगा। वहीं पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, एआईसीसी सत्र 2025 में कांग्रेस संगठन में किए जा रहे प्रस्तावित पुनर्गठन को औपचारिक रूप देगा। पिछली बार ऐसी स्थानीय स्तर की नियुक्तियां 2019 में की गई थीं, जब प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी की प्रभारी थीं। एक अन्य बड़े राज्य महाराष्ट्र में, कांग्रेस ने 2024 में 48 लोकसभा में से 14 जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन विधानसभा चुनावों में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की खराब स्थिति आंशिक रूप से बूथ प्रबंधन में कमी और बीजेपी द्वारा कथित मतदाता सुची में हेर फेर के कारण हुआ है। हालांकि, पार्टी प्रबंधकों ने दावा किया कि, भले ही राज्य चुनावों में इसका स्ट्राइक रेट बहुत अधिक नहीं था लेकिन फिर भी कांग्रेस की महाराष्ट्र के अधिकांश जिलों में उपस्थिति है। महाराष्ट्र के प्रभारी एआईसीसी सचिव बीएम संदीप ने कहा कि, राज्य में कुछ खाली पदों को जल्द ही भर दिया जाएगा। कांग्रेस ने पूर्व में महाराष्ट्र की कमान संभाली थी और इसलिए अधिकांश जिलों में उसकी उपस्थिति है। पार्टी प्रबंधकों का कहना है कि, उनके लिए पार्टी विस्तार की गुंजाइश है। डीसीसी प्रमुखों को अब सशक्त बनाया जाएगा और जवाबदेही भी होगी। इसके लिए उनके साथ नियमित बातचीत करनी होगी। आलाकमान सीधे जिला प्रमुखों से दशकों बाद बातचीत कर रहा है। इसका निश्चित रूप से दूरगामी प्रभाव होगा।

## 97 करोड़ के घोटाले में भी आया था जस्टिस यशवंत वर्मा का नाम, सीबीआई ने दर्ज किया था केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनके



आधिकारिक आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया गया। यह खुलासा तब हुआ जब उनके घर में आग लगने की सूचना के बाद दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की। बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने से एक पुराने आर्थिक घोटाले की परतें फिर से खुलने लगी हैं। यह घोटाला सिम्भौली शुगर मिल फ्रॉड केस से जुड़ा हुआ है, जिसमें जस्टिस वर्मा भी एक आरोपी के रूप में नामित थे। 2018 में, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सिम्भौली शुगर मिल्स लिमिटेड के खिलाफ एक जांच शुरू की थी, जिसमें कंपनी पर ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से लिए गए करोड़ों रुपये के ऋण को गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप था। बैंक ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपये के ऋण का दुरुपयोग किया और इन धनराशियों को अन्य उद्देश्यों के लिए मोड़ दिया। मई 2015 तक इस घोटाले को संभावित धोखाधड़ी मानते हुए भारतीय रिजर्व बैंक को रिपोर्ट कर दिया गया था। सीबीआई ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें यशवंत वर्मा 10वें आरोपी के रूप में सूचीबद्ध थे। उस समय, वह कंपनी के नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। हालांकि, जांच धीमी होती चली गई और किसी बड़े कदम की घोषणा नहीं की गई। फरवरी 2024 में एक अदालत ने सीबीआई को बंद पड़ी इस जांच को दोबारा शुरू करने का आदेश दिया था। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद, सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया, जिससे छ्व्रह्व की प्रारंभिक जांच को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। इस फैसले के बाद, सिम्भौली शुगर मिल घोटाले से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं की किसी भी जांच की संभावना खत्म हो गई।

## साली के लिए बुलाई पंचायत, जेजेपी नेता की सरेआम गोली मारकर हत्या

**पानीपत, एजेंसी।** हरियाणा के पानीपत में दुष्यंत चौटाला की पार्टी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता की माथे में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम को उसके पड़ोसी ने ही उन्हें गोली मार दी। हमला करने वाले ने जेजेपी नेता के अलावा उसके चचेरे भाई और एक अन्य साथी को भी गोली मार दी। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है जानकारी के मुताबिक जेजेपी नेता रवींद्र मिन्ना अपने घर के ही पास थे तभी पड़ोसी ने गोली चला दी। वह खून से लथपथ सड़क पर ही गिर गए। वहीं उनके चचेरे भाई भी गोली लगने की वजह से घायल हो गए। आरोपी की पहचान जागसी के रहने वाले रणबीर के तौर पर हुई है। रवींद्र के पैतृक गांव में वह पड़ोसी था। गोली मारने के बाद आरोपी तुरंत फरार हो गया। रिपोर्ट की मानें तो हाल ही में रवींद्र ने अपनी साली की शादी करवाई थी। हालांकि शादी के बाद पति और पत्नी के बीच विवाद हो गया और पति उसे ससुराल नहीं ले जाना चाहता था। इसी को लेकर विकास नगर में पंचायत बुलाई गई। पंचायत के दौरान ही बहस तेज हो गई और नौबत गोलीबारी पर आ गई। आरोपी ने तैश में आकर गोली चला दी और रवींद्र की मौत हो गई। बीते साल हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जेजेपी ने रवींद्र को विधानसभा का टिकट दिया था।

# भाजपा की राह पर चल पड़े शशि थरूर? मोदी की तारीफ के बाद इस तस्वीर ने मचाई खलबली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल से लोकसभा सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। हाल कि दिनों में उन्होंने सियासी पंडितों को बहस करने के ऐसे कई मौके दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी केंद्र सरकार की कई मौकों पर तारीफ की है। अब उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ एक ही फ्लाइट में अगल-बगल की सीट पर बैठकर यात्रा कर रहे हैं। भाजपा नेता ने इस तस्वीर के मजेदार कैप्शन दिए हैं। उन्होंने लिखा, आखिरकार हम एक ही दिशा में चल पड़े हैं। भाजपा नेता ने शशि थरूर के साथ ली गई सेल्फी एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मेरे मित्र और सहयात्री ने मुझे यह कहने पर शरारती कहा जब मैंने कहा कि हम अंततः एक ही दिशा में यात्रा कर रहे हैं। आपको बता दें कि दोनों नेताओं की यह सेल्फी शशि थरूर के रूस-यूक्रेन मुद्दे पर भारत के स्टैंड को लेकर दिए गए बयान के कुछ ही दिनों बाद आई है। शशि थरूर ने भारत की तटस्थ नीति को लेकर अपनी आलोचना पर अफसोस जताया था। भाजपा ने शशि थरूर के द्वारा भारत के रूस-यूक्रेन युद्ध को संभालने की सराहना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक समझदारी का समर्थन बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने थरूर की इस स्वीकारोक्ति का स्वागत किया। आपको बता दें कि



थरूर ने सरकार की तटस्थ नीति की पहले आलोचना की थी। रविशंकर प्रसाद ने कहा, मोदी सरकार वह निर्णय लेती है जो भारत के सर्वोत्तम हित में होते हैं। अगर अन्य कांग्रेस नेता भी इस बात को स्वीकार करें तो यह लाभकारी होगा। शशि थरूर मनमोहन सिंह की सरकार में विदेश राज्य मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने बीते मंगलवार को इस बात स्वीकार किया कि भारत की कूटनीति ने मोदी को रूस और यूक्रेन दोनों के साथ मजबूत रिश्ते बनाए रखने में मदद की। उन्होंने कहा, मैं अब अपना चेहरा पोंछ रहा हूं क्योंकि मैं उन लोगों में से था जिन्होंने फरवरी 2022 में भारत के स्टैंड की आलोचना की थी। शशि थरूर के इस बयान पर जब सियासी अटकलें तेज हुईं तो उन्होंने अपनी बदलती राय का बचाव करते हुए कहा कि वह एक भारतीय के रूप में ऐसा कहा है, न कि एक राजनेता के तौर पर। आपको बता दें कि इससे पहले भी उन्होंने कई मौकों पर केंद्र सरकार की सराहना की है। इसके बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। हालांकि उन्होंने ऐसी किसी भी संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ में मिला नक्सलियों का रखा खजाना, एक इनामी समेत चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में 30 माओवादियों को ढेर करने के एक दिन बाद सुरक्षाबलों को शुक्रवार को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली, जब एक इनामी महिला नक्सली समेत कुल चार नक्सलियों ने सुकमा में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके अलावा एक अन्य घटना में सुरक्षाबलों ने गरियाबंद के जंगलों में छुपाकर रखे नक्सलियों के एक खजाने को भी ढूंढ निकाला और वहां से लाखों रुपए की नगदी और विस्फोटक सामग्री बरामद की।



सुकमा में हुए आत्मसमर्पण की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में दो लाख रूपए की इनामी महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जिले में चार नक्सलियों कलमू आयते (35), नुप्पो रघु (27), मड़कम कोना (22) और सोड़ी लच्छा (27) ने सुरक्षाबलों के सामने हथियार डाले हैं, इनमें से नक्सली कलमू आयते क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन की अध्यक्ष थी और उसके सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद उन्मूलन और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के अमानवीय व्यवहार, आधारहीन विचारधारा और उनके शोषण से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की नक्सलवाद उन्मूलन और पुनर्वास नीति के तहत सहायता दी जाएगी। गरियाबंद में मिला नक्सलियों का खजाना उधर एक अन्य घटना में सुरक्षाबलों ने प्रदेश के गरियाबंद जिले में जंगल में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के खजाने को भी ढूंढ निकाला। यहां से उन्होंने आठ लाख रुपए की नकदी और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इस बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंडरीपानी गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई आठ लाख रुपए की नकदी और अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों के दल को गुरुवार को गश्त के लिए भेजा गया था। इस दल में एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे।

## मुस्लिम संगठन का आह्वान- नीतीश और नायडू के इफ्तार और ईद मिलन का बहिष्कार करें मुसलमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने शुक्रवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर रुख को देखते हुए वह नीतीश कुमार, एन चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान के इफ्तार, ईद मिलन और दूसरे कार्यक्रमों का बहिष्कार करेगा तथा दूसरे मुस्लिम संगठनों को भी ऐसा करना चाहिए। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने एक बयान में आरोप लगाया कि ये नेता सरकार के 'संविधान विरोधी कदमों' का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, ''देश में इस समय जिस तरह के हालात हैं और खासकर अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों के साथ जो अन्याय और अत्याचार किया जा रहा है, वह किसी से छुपा नहीं है। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद को धर्मनिरपेक्ष और मुसलमानों का हमदर्द बताने वाले नेता, जिनकी राजनीतिक सफलता में मुसलमानों का भी योगदान रहा है, वे सत्ता के लालच में न केवल खामोश हैं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से अन्याय का समर्थन भी कर रहे हैं।'' मुसलमानों के खिलाफ हो रहे अन्याय कर रहे नजरअंदाज मदनी ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान जैसे नेता सत्ता की खातिर न केवल मुसलमानों के खिलाफ हो रहे अन्याय को नजरअंदाज कर रहे हैं, बल्कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की





भी अनदेखी कर रहे हैं।

वक्फ विधेयक पर इनका रवैया दोहरा उन्होंने कहा, ''वक्फ संशोधन विधेयक पर इन नेताओं का रवैया इनके दोहरे चरित्र को उजागर करता है। ये नेता केवल मुसलमानों के वोट हासिल करने के लिए दिखावे का धर्मनिरपेक्षता को अपनाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद मुस्लिम समुदाय के मुद्दों को पूरी तरह भुला देते हैं। इसी के मद्देनजर जमीयत उलमा-ए-हिंद ने निर्णय लिया है कि वह ऐसे नेताओं के आयोजनों में शामिल होकर उनकी नीतियों को वैधता प्रदान नहीं करेगी।'' मदनी ने देश के अन्य मुस्लिम संगठनों से भी अपील की है कि वे भी इस सांकेतिक विरोध में शामिल हों और इन नेताओं की इफ्तार पार्टी और ईद मिलन जैसे आयोजनों में भाग लेने से परहेज करें।

# एफएनजी एक्सप्रेसवे को मंजूरी, फरीदाबाद से उत्तर प्रदेश जाना होगा आसान

**फरीदाबाद, एजेंसी।** एनसीआर के शहर फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए अच्छी खबर है। इन दोनों शहरों को जोड़ने वाली फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे (एफएनजी एक्सप्रेसवे) योजना को हरियाणा सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसका नक्शा भी पास कर दिया गया है। जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को हरियाणा के बजट पर चर्चा को लेकर बुलाई प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री विपुल गोयल ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, फरीदाबाद से रोजाना करीब एक लाख लोग नौकरी व अन्य कामों के लिए नोएडा-गाजियाबाद आवाजाही करते हैं। फरीदाबाद-नोएडा के बीच यमुना होने के कारण अभी कोई सीधी सड़क नहीं है। ऐसे में लोगों को नोएडा आने-जाने के लिए सड़क मार्ग से दिल्ली कालिंदीकुंज से जाना पड़ता है। आगरा नहर के साथ बनी इस सड़क पर सुबह-शाम जाम होने के कारण वाहन चालकों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है।

**नोएडा अथॉरिटी ने तैयार की थी योजना :** उत्तर प्रदेश की नोएडा अथॉरिटी ने करीब 20 साल पहले एफएनजी की योजना तैयार की थी। शहरों को नजदीक लाना मुख्य मकसद है। बहरहाल, उत्तर प्रदेश



सरकार ने अपने इलाके में इसके लिए सड़क का निर्माण भी काफी हद तक कर दिया है, लेकिन हरियाणा सरकार की तरफ से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया था। स्मार्ट सिटी में 500 बेड का ट्रॉमा सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने ईएसआई अस्पताल को 500 करोड़ रुपये का बजट भी आवंटित कर दिया है। प्रेस वार्ता में मंत्री ने यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि यह ट्रामा सेंटर ईएसआई कार्ड धारकों के अलावा आम लोगों के लिए भी होगा। ट्रॉमा सेंटर बनने के बाद जिले की स्वास्थ्य सेवाएं काफी बेहतर होंगी।

**यमुना पर 600 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा :** विपुल गोयल ने बताया कि गांव लालपुर के पास यमुना पर 600 मीटर लंबा पुल बनाना प्रस्तावित है। इस पर आने वाली लागत हरियाणा और यूपी 50-50 फीसदी वहन करेंगे। इस पर जल्द काम शुरू होगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रकाश लाल ने बनाया कि प्रशासनिक स्तर पर मंजूरी के बाद सरकार को सेक्टर 28 अमृता अस्पताल से गांव ददसिया होते हुए यमुना पर एक 500 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा। यही रूट सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया है।

# IPL 2025 के कमेंट्री पैनल से गायब इरफान पठान का नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत होने वाली है। ब्रॉडकास्टर्स ने इस सीजन के लिए अपने कमेंटेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का नाम शामिल नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई ने यह फैसला जानबूझ कर किया है। पठान पर कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चलाने का आरोप लगा है।

### इरफान पठान से खुश नहीं खिलाड़ी

मायखेल ने सूत्रों के हवाले से लिखा कि कुछ क्रिकेटर्स ने इरफान पठान के खिलाफ शिकायत की थी। उनका कहना था कि ऑलराउंडर कमेंट्री के दौरान खिलाड़ियों के खिलाफ निजी टिप्पणी करते हैं। खिलाड़ियों को यह पसंद नहीं आया। एक स्टार प्लेयर ने इरफान पठान का नंबर ब्लॉक कर दिया। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इरफान पठान द्वारा उनपर की गई टिप्पणी से खुश नहीं थे।

### बीसीसीआई पठान के व्यवहार से नाराज

सूत्रों ने यहां भी कहा कि पठान ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों का इंटरव्यू लेते हुए ऐसा व्यवहार किया जो कि बीसीसीआई को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, 'यह पिछले दो साल से हो रहा है। वह कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चला रहे हैं। यह बात बीसीसीआई को पसंद नहीं है। इसी कारण उनका नाम हटाया गया नहीं तो उनका नाम लिस्ट में होना चाहिए था। इरफान पठान इकलौते कमेंटेटर नहीं हैं जिन्हें बीसीसीआई के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर कान्ट्रैक्ट नहीं मिला। इससे पहले संजय मांजरेकर को भी उनकी टिप्पणी के कारण करार नहीं दिया गया था।

# आईओसी की नई अध्यक्ष कोवेंट्री के घर डकैती, माता-पिता को बंदूक दिखाकर बनाया बंधक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव निर्वाचित अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री के माता-पिता के हरार स्थित घर पर सशस्त्र डकैती डालने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जिम्बाब्वे की एक अदालत में पेश किया गया। इन दोनों पर कथित तौर पर कोवेंट्री के कुछ खेल संबंधी यादगार वस्तुएं चुराने का आरोप है। न्यूज एजेंसी एपी (एसोसिएटेड प्रेस) की रिपोर्ट्स के मुताबिक, डकैती 10 मार्च को हुई थी।

### माता-पिता को बंदूक के दम पर बनाया बंधक

पुलिस के मुताबिक, जॉन और माइक नहोंगवे पर 90 हजार डॉलर के सामान चोरी करने तथा कोवेंट्री के माता-पिता को बंदूक की नोक पर बंधक बनाने का आरोप है। चोरी की गई वस्तुओं में आभूषण, आग्नेयास्त्र और जिम्बाब्वे की पूर्व ओलंपिक तैराक कोवेंट्री के करियर से जुड़ी कुछ स्मृति चिन्ह के साथ ही 15,000 अमेरिकी डॉलर की नकदी शामिल है।

### कोवेंट्री के ओलंपिक के कपड़े भी चुराए

पुलिस और कोवेंट्री के परिवार ने हालांकि यादगार वस्तुओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन वस्तुओं में कोवेंट्री के कुछ ओलंपिक कपड़े शामिल थे। पुलिस ने बताया कि नहोंगवे भाइयों ने कोवेंट्री के माता-पिता को हरारे में अपने घर पर जूतों के फीतों से बांध दिया था।

बॉक्सिंगः

## भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की चुनावी प्रक्रिया रोकी गई, अदालती फैसलों के बाद निर्वाचन अधिकारी का कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव की प्रक्रिया रोक दी गई है। निर्वाचन अधिकारी आरके गाबा ने शुक्रवार को कहा, चुनावी प्रक्रिया तब तक रुकी रहेगी जब तक बीएफआई उन्हें इसे शुरू करने के लिए नहीं कहती है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने खुद निर्वाचन अधिकारी को चुनावी प्रक्रिया रोकने की प्रार्थना की थी। उन्होंने यह कदम हिमाचल प्रदेश और दिल्ली हाईकोर्ट के फैसलों के बाद उठाया। अजय सिंह ने गाबा से प्रार्थना की कि अदालत के फैसलों के बाद चुनाव में बाधा पड़ सकती है और वह इन फैसलों को उच्च अदालत में चुनौती देने जा रहे हैं। उच्च अदालत के आदेश के बाद ही चुनावी प्रक्रिया बहाल की जाए। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बीएफआई के निर्वाचन मंडल से बाहर किए जाने पर रोक लगाते हुए उनके नामांकन को स्वीकार करने का आदेश दिया था। अदालत ने बीएफआई के सात मार्च के आदेश पर भी रोक लगा दी थी। मुक्केबाजी महासंघ ने कहा था कि चुनाव में चुने हुए पदाधिकारी ही हिस्सा ले सकते हैं। इसके आधार पर ही ठाकुर को निर्वाचन मंडल से बाहर किया गया था। जिसे आदालत में चुनौती दी गई।





# अल्काराज दूसरे दौर में गाफिन से हारे

**मियामी, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज को शुक्रवार (स्थानीय समय) को मियामी ओपन के दूसरे दौर में बेल्जियम के डेविड गाफिन ने 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। गाफिन ने प्रत्येक सेट में दूसरे सीड की सर्विस को तोड़ने में कामयाबी हासिल की, अपने दूसरे मैच पॉइंट पर जीत को पक्का किया जब कोर्ट में स्लाइड करते हुए अल्काराज एक फोरहैंड को वापस नहीं कर पाए जिसे गाफिन ने कोने में कुशलता से रखा था।

गाफिन के लिए अगला मुकाबला अमेरिकी ब्रैंडन नकाशिमा से है, जिन्होंने रॉबर्टो कार्बेल्स बेना पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की। छह बार के मियामी ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6(1) की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी की और तीसरे दौर में प्रवेश किया। यह 2019 के बाद से जोकोविच की मियामी में पहली उपस्थिति थी और उनकी जीत उनकी 410वीं एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीत थी, जिसने उन्हें श्रृंखला में सबसे अधिक जीत के लिए राफेल नडाल के साथ बराबरी पर ला खड़ा किया।

जोकोविच ने संवाददाताओं से कहा, मैं खुद को और दूसरों को भी यह बताना चाहता था कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेलने में सक्षम हूं। दूसरी ओर, सातवें वरीय रूस के दानिल मेदवेदेव, जो मौजूदा मियामी चैंपियन हैं और इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, पहले दौर में ही स्पेन के जौम मुनार से 6-2, 6-3 से हार गए। अन्य उल्लेखनीय परिणामों में मियामी के पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड और ग्रिगोर दिमित्रोव आगे बढ़े, जबकि ऑस्ट्रेलियाई निक किर्गियोस, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में 2022 के बाद से अपनी पहली जीत हासिल की, को करेन खाचानोव ने 7-6(3), 6-0 से हराया। महिलाओं की ओर से, रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा, इंडियन वेल्स में सनशाइन डबल का पहला भाग जीतने के बाद मियामी ओपन में पदार्पण कर रही हैं, उन्होंने वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-0, 6-2 से हराया।

एंड्रीवा का सामना अगले दौर में दोहा चैंपियन अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने अपनी मजबूत फॉर्म जारी रखते हुए कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 7-5 से हराकर लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरी बार जीत दर्ज की। स्वीयाटेक तीसरे दौर में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से भिड़ेंगी,जिन्होंने पीटन स्टर्न्स को 6-4, 6-1 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने अर्मेनिया की एलिना अवनेस्यान को 6-3, 6-3 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला फिलिपिनो वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा एला से होगा, जिन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 7-6(2), 7-5 से हराया।

फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर्सः

## मेसी के बिना भी जीता अर्जेंटीना, विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने से बस एक अंक दूर



**मोंटेवीडियो, एजेंसी।** अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रा करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा।

अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना भी शुक्रवार को खेले गए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में उरुग्वे को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल थियागो अल्माडा ने 68वें मिनट में दागा जो कि निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही गत चैंपियन अर्जेंटीना अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश पाने से केवल एक अंक दूर रह गया है।

अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रॉ करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। इससे पहले जब फुटबॉल जगत की इन दो दिग्गज टीमों के बीच मुकाबला हुआ था तब अर्जेंटीना ने रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में 1-0 से जीत हासिल की थी। कोच लियोनेल स्कालोनी की टीम पहले से ही सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से 15 अंक आगे है, जबकि प्रतियोगिता में अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

इससे पहले इक्वाडोर ने वेनेजुएला को 2-1 से हराया और दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

ब्राजील 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह उरुग्वे और पराग्वे से एक अंक आगे है। कोलंबिया 19 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीमों को अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

*पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं*

## आईपीएल 2025: केएल राहुल 2 मैचों से बाहर रह सकते हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे। यह जानकारी दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे मिचेल स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एलिसा हीली ने दी। उन्होंने बताया, केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं। इसी वजह से वह लीग के शुरुआत दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। राहुल और उनकी बॉलीवुड अभिनेत्री पत्नी अथिया शेट्टी ने नवंबर 2024 में गुड न्यूज की जानकारी दी थी। 18 जनवरी को केएल राहुल ने उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह की देहरी से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने यूट्यूब पर दी जानकारी एलिसा हीली ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि हैरी ब्रूक की जगह कौन आता है। उनके पास केएल राहुल हैं जो शायद पहले कुछ मैच नहीं खेलेंगे। वे अपने बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के पास युवा खिलाड़ियों की फौज है जो कुछ भी कर सकते हैं। उनके पास केएल राहुल भी हैं जो टी20 क्रिकेट में पारी को मजबूती देंगे। उन्हें देखना बहुत रोमांचक होगा। 14 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा था दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपए में खरीदा था।

फीडे महिला ग्रां प्री शतरंजः



## झू जिनर ने दूसरे दौर के बाद बढ़त बनाई

**निकोसिया, एजेंसी।** फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज 2024-25 के चौथे चरण के दूसरे दौर में सिर्फ एक ही मुकाबले का परिणाम निर्णायक रहा, जिसमें चीन की झू जिनर ने जर्मनी की एलिज़ाबेथ पेहट्ज़ नें जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली, लेकिन सभी पांच मुकाबले अपने आप में काफी रोमांचक रहे। पूर्व महिला विश्व चैम्पियन उक्रेन की मारिया मुजयचुक और भारत की पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन दिव्या देशमुख के बीच का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ। हालांकि सर्दी-जुकाम के चलते दिव्या का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक नहीं था, फिर भी उन्होंने फ्रेंच डिफेंस के स्टीनिट्ज़ वेरिएशन में आसानी से स्थिति को बराबर कर लिया। जिससे ऊंट के एंडगेम में मुकाबला 40 चालो पर ड्रा पर समाप्त हुआ।

भारत की शीर्ष खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली का सामना ग्रीस की स्टावरूला त्सोलाकिडु से था और यह मुकाबला निश्चित रूप से दौर का सबसे मनोरंजक था। हरिका ने रॉसोलिमो अटैक को चुना, जो एक साहसी विकल्प था, क्योंकि स्टावरूला ने पिछले दौर में इसी ओपनिंग में जीत दर्ज की थी। हालांकि हारिका एक समय थोड़ा बेहतर लग रही थी पर 42 चालों के बाद खेल ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दूसरे दौर के बाद झू जिनर टूर्नामेंट में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने जीत दर्ज की और अंकतालिका में बढ़त बनाई है।

# मुक्केबाजी में विवाद पर आया आईओए अध्यक्ष पीटी उषा का बयान, कहा- दुखी हूं कि...

**बॉक्सिंग कॉन्ट्रोवर्सीः**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के विवादों में फंसने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मुद्दे उन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अधिकारियों के बीच आपसी झगड़े के कारण चल रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप प्रभावित हुई है।

टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित असम की टीम को कथित तौर पर राज्य इकाई के सचिव हेमंत कलिता द्वारा इस टूर्नामेंट का बहिष्कार करने के लिए मजबूर किया गया था।

कलिता को हाल में महासंघ प्रमुख अजय सिंह द्वारा बीएफआई के महासचिव के पद से निलंबित कर दिया गया था। उषा ने चैंपियनशिप के मौके पर कहा, मुझे बुरा लग रहा है कि खिलाड़ियों को विवाद में घसीटा गया है।

### चाहती थी खिलाड़ी आएं

उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि खिलाड़ी यहां आएं और प्रतिस्पर्धा करें। मुझे खुशी है कि ऐसा हो रहा है। अब मुक्केबाजी लॉस एंजिल्स ओलंपिक का भी हिस्सा है। प्रतियोगिता में उषा की उपस्थिति



उल्लेखनीय थी क्योंकि उन्होंने पिछले महीने बीएफआई के कामकाज की देखरेख के लिए एक तदर्थ समिति नियुक्त की थी, जिस कदम पर बाद में अदालत ने रोक लगा दी थी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी उपस्थिति केवल खिलाड़ियों के लाभ के लिए थी।

### ऐसा नहीं होना चाहिए था

उन्होंने कहा, आमतौर पर मैं अंतिम समय के निमंत्रण स्वीकार नहीं करती, लेकिन मैं आई क्योंकि मैं चाहती थी कि यह प्रतियोगिता हो। मुक्केबाज लंबे समय से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या शिविरों से दूर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, खासकर अब जब मुक्केबाजी की लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए पुष्टि कर दी गई है, लेकिन मुझे उन खिलाड़ियों के लिए बुरा लगता है जो भाग नहीं ले सकी। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

### कोवेंट्री को लेकर कही यह बात

उन्होंने कहा, यह हर जगह खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। मेरे पूरे जीवन में हमेशा बाधाएं और चुनौतियां रही हैं। लेकिन उन्हें अपनी स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, कुछ हासिल करने के लिए जुनून और समर्पण के साथ लड़ना चाहिए, चाहे कुछ भी हो जाए।

### 2036 ओलंपिक को लेकर आशावादी

उन्होंने कहा, मैं पहली महिला अध्यक्ष को देखकर बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि वह खेलों में महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगी। जहां तक मुझे पता है, वह डोपिंग के सख्त खिलाफ हैं और मुझे उम्मीद है कि वह इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगी। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य बना रहा है और उषा आशावादी हैं। उन्होंने कहा, आईओसी में अब मेरे बहुत सारे दोस्त हैं और बहुत से लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि ऐसा हो, यह प्रधानमंत्री का विजन है और मैं इसे हकीकत बनाने में मदद करने की पूरी कोशिश करूंगी।

# अल्पविराम परिचय कार्यशाला का हुआ आयोजन

## कलेक्टर ने पेंशनर्स का किया सम्मान



पन्ना

अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर राज्य आनंद संस्थान के तत्वाधान में जिला पेंशन कार्यालय द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कार्यशाला में वयोवृद्ध पेंशनर्स किशोरीलाल, जगदीश खरे, राजेन्द्र खरे, बद्री चौरसिया एवं छोटेलाल साहू सहित अन्य पेंशनर का शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने कहा कि आनंद विभाग का यह अभिनव प्रयास सराहनीय है। वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव लाना है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि आर्थिक विकास ही आवश्यक नहीं है, बल्कि लोगों की खुशहाली और सुख को बढ़ाना मिलना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है। जीवन में खुशहाली के साथ अच्छा स्वास्थ्य भी आवश्यक है। युवा पीढ़ी को भी इस विषय पर चिंतन की जरूरत है।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्यों की समीक्षा और निरंतरता महत्वपूर्ण है। समस्त पेंशनर्स से नवीन पीढ़ी को अपने अनुभव का लाभ प्रदान करने तथा समाज विशेषकर शासकीय सेवकों को दायित्व निर्वहन एवं कार्य संपादन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने का आह्वान भी किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं जिला संपर्क व्यक्ति प्रमोद अवस्थी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। साथ ही आनंद की शुरूआत घर से करने एवं आनंद प्राप्त करने के लिए निरंतर सार्थक प्रयास की बात कही। जिला स्तरीय कार्यशाला में अल्पविराम एवं विमर्श सत्र सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। उपस्थितजनों ने खुश रहने के तरीके और खुशहाली के बारे में अपने अनुभव साझा किए। अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस की इस वर्ष की थीम देखभाल और साझा करना निर्धारित थी। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता सहित सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण, आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी एवं निर्मल मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर होगा प्राकट्य पर्व का आयोजन

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने रविवार, 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व पर पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को प्राकट्य पर्व का नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था एवं प्रचार-प्रसार इत्यादि का दायित्व भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया है।

# जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

## नवीन स्वीकृत आवासों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश



**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने शुक्रवार को जिले की गुनौर, पवई एवं शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया और निर्माणाधीन विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। साथ ही 28 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत नवीन आवासों के निर्माण में भी गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए निर्देशित किया। आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद कर समस्याओं का निराकरण किया।

जिपं सीईओ ने पटनातमोली के नवीन ग्राम पंचायत भवन का अवलोकन कर ग्रामवासियों की सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। सीईओ श्री मरावी ग्राम पंचायत घुटेही, मोहली धरमपुरा, कल्दा, श्यामगिरि एवं मैन्हा पौंड़ीकला भी पहुंचे और आदिवासी समुदाय की महिलाओं द्वारा संचालित मुर्गीपालन गतिविधियों का जायजा लिया। महिलाओं से आजीविका व आर्थिक लाभ के संबंध में संवाद कर मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण भी किया। उन्होंने मनरेगा एवं डीएमएफ फंड से संचालित निर्माण कार्यों के संबंध में निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय कृषक सेमिनार का आयोजन



**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत कृषि विभाग के जिला कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में आज जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन द्वारा की गई। दो दिवसीय कार्यशाला के मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक पी.एन. त्रिपाठी ने उद्यानिकी फसलों में जैविक खाद और कीटनाशक के उपयोग सहित कृषकों को उद्यानिकी फसलों की खेती आधुनिक तरीके से करने की सलाह दी। अन्य विशेषज्ञों द्वारा भी किसानों को फल एवं सब्जी में लगने वाले रोग, कीटों से बचाव के लिए जैविक दवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर विभाग के पोर्टल पर अधिकाधिक पंजीयन कराने की सलाह दी। इसी तरह उप संचालक कृषि द्वारा जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन और स्वयं के द्वारा जैविक खाद एवं कीटनाशक के निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पन्ना, पवई एवं गुनौर के लगभग 110 कृषक शामिल हुए। सेमिनार का समापन शनिवार को होगा।

## सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक सोमवार को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार, 24 मार्च को जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक होगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी। जिला संयोजक आर.के. सतनामी द्वारा संबंधितजनों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर दो उचित मूल्य दुकान निलंबित

**पन्ना।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 23 मोहनपुरवा एवं वार्ड क्रमांक 24 गहरा में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान को खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के सुचारू क्रियान्वयन एवं दुकान में संलग्न हितग्राहियों को राशन सामग्री की सुगम उपलब्धता के दृष्टिगत मोहनपुरवा दुकान के हितग्राहियों को वार्ड नंबर 13, 14 की दुकान से तथा गहरा दुकान के हितग्राहियों को वार्ड नंबर 25 कुंजवन की दुकान से संलग्न किया गया है।

इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि जिला थोक उपभोक्ता भण्डार पन्ना द्वारा मोहनपुरवा में संचालित दुकान एवं वंदे मातरम स्वसहायता समूह द्वारा गहरा में संचालित दुकान के संबंध में भी म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 में वर्णित प्रावधान के तहत प्रत्येक माह की एक तारीख से नियमित खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए गए थे। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा प्रत्येक माह की 4, 5 एवं 6 तारीख को अन्न उत्सव आयोजित कर अधिकाधिक पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण के निर्देश जारी किए गए हैं। गत 10 मार्च की स्थिति में मोहनपुरवा दुकान में संलग्न 203 परिवारों के विरूद्ध मात्र 10 परिवारों तथा गहरा दुकान में संलग्न 238 परिवारों के विरूद्ध मात्र 6 परिवारों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण पाया गया। वितरण मात्रा अत्यंत कम पाए जाने पर मोहनपुरवा दुकान की संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र यादव और विक्रेता राजेश शर्मा तथा गहरा दुकान के समूह की अध्यक्ष संगीता साहू एवं विक्रेता उमा साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन मोहनपुरवा दुकान के संचालक द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं करने तथा विक्रेता व गहरा समूह की अध्यक्ष व विक्रेता का जवाब समाधानकारक नहीं पाए जाने पर दुकान निलंबन की कार्यवाही की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी को उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न के कम वितरण पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के पुनः निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही हितग्राहियों को अविलंब राशन सामग्री वितरण सुनिश्चित कराने तथा 24 मार्च को समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है अन्यथा जिला कलेक्टर को अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर हुई कार्यशाला



पन्ना

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य उमेश पटेल, भावना सोनी, ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के संदीप गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता आशीष बोस सहित जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश राय, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कल्लू पटेल, भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधि मधुर दीक्षित तथा उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी एवं उपभोक्तागण भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही आम उपभोक्ताओं से सेवा या वस्तु क्रय के दौरान सजग रहने तथा क्रय वस्तु अथवा सेवा की गारंटी व वारंटी एवं बिल अनिवार्य रूप से प्राप्त करने की अपील की गई। कार्यशाला में उपभोक्ता आयोग के सदस्यों ने आयोग में दर्ज परिवाद के बारे में जानकारी प्रदान कर आम उपभोक्ताओं से क्रय सेवा अथवा वस्तु के मामलों में व्यापारियों से शोषित होने पर आयोग में परिवाद दायर करने का आग्रह किया, जिससे उपभोक्ताओं को अपने हक का अधिकार मिल सके। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खानपान से संबंधित वस्तुओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी।

इसी तरह नापतौल निरीक्षक द्वारा नापतौल संबंधी और उपभोक्ता ठगी से बचाव के बारे में अवगत कराया गया। आशीष बोस ने भी उपभोक्ताओं से जुड़े कई विषयों पर प्रकाश डाला।

## 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रोजगार सहायक गिरफ्तार

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रोजगार सहायक को 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत में हुए निर्माण की एवज रोजगार सहायक रिश्वत मांग रहा था। पूरा मामला ग्राम पंचायत सोहौला जनपद सोहावल का बताया जा रहा है। यहां पदस्थ रोजगार सहायक पंकज तिवारी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। रोजगार सहायक की ओर से फरियादी भगवान दास चौरसिया से पानी साफ करने के लिए वाटर टैंक और 2 नालियां रोजगार गारंटी से बनवाया था। जिसकी कुल लागत 1 लाख 60 हजार रुपए थी। राशि प्रदान करने के लिए रोजगार सहायक की रिपोर्ट और आईडी आवश्यक है। जिसके लिए रिश्वत मांग रहा था।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व सचिव राजकुमार गौड़ की अध्यक्षता में आज जिला जेल पन्ना में बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही संबंधी जानकारी ली गई तथा बंदियों के जमानत आदेश जेल प्रबंधन को प्राप्त होने के सात दिवस में संबंधित बंदी की रिहाई नहीं हो पाने पर अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित किए जाने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने व स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने हेतु प्रेरित किया गया। अधिवक्ता की निःशुल्क सेवा के लिए जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करने के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा उपस्थित बंदियों को दंड प्रकिया संहिता 1973 के अध्याय 21-ए में प्ली-बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के जरिए सुलह करने की सलाह दी। बंदियों के विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों तथा लोक अदालत, मध्यस्थता एवं बंदियों के अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने बंदियों को शिविर से प्राप्त विधिक जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अन्य राज्यों के गेहूं विक्रय की रोकथाम के लिए चेक पोस्ट स्थापित



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिले के गेहूं खरीदी केन्द्रों में अन्य सीमावर्ती राज्यों से गेहूं लाकर विक्रय की रोकथाम के उद्देश्य से चेक पोस्ट स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिले के सीमावर्ती स्थान अजयगढ़ अनुविभाग अंतर्गत स्थापित रामनगर चौकी ग्राम पंचायत कीरतपुर में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामविजय लोध, आरक्षक अजय पटेल एवं पटवारी रोहित सोनी तथा पन्ना चौकी ग्राम पंचायत बीहरसरवरिया चेक पोस्ट में सहायक उप निरीक्षक मंडी मुख्तार अली, पटवारी नीतेश वर्मा एवं आरक्षक मनोज पटेल की ड्यूटी निर्धारित की गई है। नायब तहसीलदार अजयगढ़ एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजयगढ़ को चेक पोस्ट नियंत्रक का दायित्व सौंपा गया है।

इसी तरह पन्ना अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ीखेरा चेक पोस्ट पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक मंडी सचिन जैसवाल, पटवारी प्रतुल मिश्रा एवं आरक्षक रामनिवास गुर्जर की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि नायब तहसीलदार पन्ना एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना को चेक पोस्ट नियंत्रक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कलेक्टर द्वारा गठित दल को नियमित रूप से चेक पोस्ट नियंत्रण अधिकारी के मार्गदर्शन में चेक पोस्ट पर उपस्थित रहकर प्रदेश के बाहर से आ रहे वाहनों की सघन जांच करने एवं जांच पंजी संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा दस्तावेजों का विधिवत जांच कर अनाधिकृत रूप से गेहूं पाए जाने पर मंडी अधिनियम और शासन की उपार्जन नीति अनुसार कार्यवाही संपादित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# भयावह रूप से गिर रहा है सतना जिले का भूजल स्तर

## बारिश का आंकड़ा बढ़ने के बाद भी भूजल स्तर जा रहा नीचे

**सतना।** सतना जिले का भू-जल स्तर भयावह रूप से नीचे जा रहा है। यह स्थिति तब है जब बारिश का आंकड़ा बढ़ रहा है। वर्ष 2023 में सतना जिले का औसत भू-जल स्तर 44.9 मीटर था जबकि औसत बारिश 609 मिली मीटर हुई थी। लेकिन वर्ष 2024 में जल स्तर 43.6 मीटर पर आ गया जबकि बारिश का आंकड़ा 805 मिमी था। वर्ष 2025 में भू-जल स्तर 40.6 मीटर पर आ गया है। इस तरह तीन साल में भू-जल स्तर 4.3 मीटर (14.10 फीट) नीचे आ गया है। भू-जल वैज्ञानिक इसके पीछे की मुख्य वजह धरती के अंदर से बड़े पैमाने पर अनियोजित तरीके से पानी निकालने को मान रहे हैं। जबकि जितना पानी निकाला जा रहा है उसके विपरीत धरती में बारिश का पानी नहीं पहुंचाया जा रहा है। केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड के अनुसार सतना जिले के दो ब्लाक सोहावल और रामपुर बाघेलान तथा मैहर जिले के अमरपाटन और मैहर ब्लाक वर्ष 2023-24 में सेमी क्रिटिकल जोन में आ चुके हैं। अगर स्थिति यही बनी रही तो ये सभी ब्लाक क्रिटिकल जोन में आ जाएंगे। मझगवां ब्लाक में यह है स्थिति वर्ष 2023-24 में मझगवां ब्लाक की औसत बारिश 532 मिमी रही। इस दौरान प्री मानसून यहां का भूजलस्तर 49 मीटर तथा पोस्ट मानसून 28 मीटर रहा। वर्ष 2024-24 में बारिश 889 मिमी रही तब प्री मानसून भूजल स्तर 48 मीटर तथा पोस्ट मानसून 27 मीटर रहा। वर्ष 2025-26 में प्री मानसून जल स्तर 42 मीटर पर आ गया है।

वर्ष 2023-24 में सोहावल ब्लाक की औसत बारिश 563 मिमी रही। इस दौरान प्री मानसून यहां का भूजलस्तर 43 मीटर तथा पोस्ट मानसून 24 मीटर रहा। वर्ष 2024-24 में बारिश 883 मिमी रही तब प्री मानसून भूजल स्तर 42 मीटर तथा पोस्ट मानसून 20 मीटर रहा। वर्ष 2025-26 में प्री मानसून जल स्तर 39 मीटर पर आ गया है।

वर्ष 2023-24 में रामपुर बाघेलान ब्लाक की औसत बारिश 538 मिमी रही। इस दौरान प्री मानसून यहां का भूजलस्तर 48 मीटर तथा पोस्ट मानसून 30 मीटर रहा। वर्ष 2024-24 में बारिश 576 मिमी रही तब प्री मानसून भूजल स्तर 47 मीटर तथा पोस्ट मानसून 29 मीटर रहा। वर्ष 2025-26 में प्री मानसून जल स्तर 45 मीटर पर आ गया है।

वर्ष 2023-24 में नागौद ब्लाक की औसत बारिश 711 मिमी रही। इस दौरान प्री मानसून यहां का भूजलस्तर 43.5 मीटर तथा पोस्ट मानसून 28 मीटर रहा। वर्ष 2024-24 में बारिश 750 मिमी रही तब प्री मानसून भूजल स्तर 42 मीटर तथा पोस्ट मानसून 26 मीटर रहा। वर्ष 2025-26 में प्री मानसून जल स्तर 43 मीटर पर आ गया है।

वर्ष 2023-24 में उचेहरा ब्लाक की औसत बारिश 702 मिमी रही। इस दौरान प्री मानसून यहां का भूजलस्तर 41 मीटर तथा पोस्ट मानसून 24 मीटर रहा। वर्ष 2024-24 में बारिश 927 मिमी रही तब प्री मानसून भूजल स्तर 39 मीटर तथा पोस्ट मानसून 23 मीटर रहा। वर्ष 2025-26 में प्री मानसून जल स्तर 34 मीटर पर आ गया है।

मैहर जिले की स्थिति सतना जिले की तुलना में कुछ ठीक पाई गई है। वर्ष 2023-24 में मैहर जिले की औसत बारिश 638 मिमी रही। इस दौरान प्री मानसून यहां का भूजलस्तर 37 मीटर तथा पोस्ट मानसून 22 मीटर रहा। वर्ष 2024-24 में बारिश 985 मिमी रही तब प्री मानसून भूजल स्तर 36.33 मीटर तथा पोस्ट मानसून 20.67 मीटर रहा। वर्ष 2025-26 में प्री मानसून जल स्तर यथावत 36.33 मीटर है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 23 मार्च 2025 | 8


महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक ऊषा सिंह सोलंकी ने गत दिवस मैहर जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संयुक्त संचालक ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया।



## पोषण आहार वितरण की सतत निगरानी करें : संयुक्त संचालक

### संयुक्त संचालक ने किया आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने गतदिवस मैहर जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संयुक्त संचालक ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति, कम वजन वाले बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार के वितरण तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के टेकहोम राशन वितरण की जानकारी ली गयी। संयुक्त संचालक ने आंगनवाड़ी केन्द्र में संधारित पोषण आहार वितरण पंजी तथा अन्य सामग्रियों का निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने आंगनवाड़ी केन्द्र की साफ-सफाई एवं साज-सज्जा के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिये।



इसके बाद परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक में संयुक्त संचालक ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में श्रीमती सोलंकी ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित संचालन करते हुए पोषण आहार वितरण करायें। परीक्षा के बाद स्कूलों में अवकाश होने के कारण मध्यान्ह भोजन बंद हो गया है लेकिन आंगनवाड़ी केन्द्रों सांझा चूल्हा से बच्चों को प्रतिदिन पोषण आहार का वितरण करायें। सभी सुपरवाइजर क्षेत्र का भ्रमण करें। शिशुओं और गर्भवती माताओं को पोषण स्तर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करें। कम पोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती करायें। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रों में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच करायें। महिला के गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर उसका स्वास्थ्य विभाग में तत्काल पंजीयन करायें। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची सदैव अपने पास रखें। इनसे सदैव संपर्क में रहकर नियमित जांच तथा उचित उपचार के लिए प्रेरित करें। बैठक में संयुक्त संचालक ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही करके उनके निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना में छात्रवृत्ति वितरण तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान की समीक्षा की गयी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह सभी परियोजना अधिकारी तथा सुपरवाइजर उपस्थित रहीं।

## अब ऑनलाइन होगा जीपीएफ का अंतिम भुगतान

**रीवा।** शासकीय कार्य से सेवानिवृत्त होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सामान्य भविष्यनिधि खाते जीपीएफ की राशि का भुगतान किया जाता है। इसके अंतिम भुगतान की व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए अब ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को वित्त विभाग के पोर्टल आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ही ई-जीपीएफ के माध्यम से अंतिम भुगतान ऑनलाइन किया जायेगा। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश 21 फरवरी 2025 से लागू कर दिये गये हैं।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को पुणे से किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा अनिल सोनकर के निर्देशन मे उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) रीवा श्रीमति हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव पाण्डेय के नेतृत्व मेंहत्या के प्रयास के आरोपी को पुणे से गिरफ्तारकियागया।

घटना के संक्षिप्त विवरण में दिनाँक 11/02/2025 को फरियादी देवेन्द्र सिंह पिता स्व.शिवप्रसाद सिंह उम्र 78 वर्ष निवासी सुपिया द्वारा आरोपी गरुण सिंह पिता विष्णु प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी सुपिया थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा मध्य प्रदेश के विरुद्ध फरियादी की हत्या करने की नियत से गलौज कर मारपीट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी जिस पर से थाना गोविन्दगढ़ में अपराध क्रमांक 39/2025 धारा 109(1), 296 बीएनएस पंजीबद्ध कर थाना गोविन्दगढ़ पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके से फरार 8000 रू. के ईनामी आरोपी गरुण सिंह पिता विष्णु प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी सुपिया थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा मध्य प्रदेश को पुणे से हिरासत में लाकर आज दिनाँक 22.03.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रीवा के समक्ष प्रस्तुत कर, केन्द्रीय जेल रीवा निरुद्ध किया गया ।

आरोपी गरुण सिंह पिता विष्णु प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी सुपिया थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा मध्य प्रदेश। थाना प्रभारी गौरव पाण्डेय, उप निरी. निशा खूता, आर. 1025 नीरज पाण्डेय, सै. 55 विनीत शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रीना सिंह को मिली पी-एच.डी. उपाधि

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा रीना सिंह आत्मजा अभयराज सिंह को हिन्दी विषय में शोध-शीर्षक "प्रभा खेतान एवं रमणिका गुप्ता की आत्मकथा में अभिव्यक्त जीवन-संदर्भ" पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। रीना ने स्त्री आत्मकथा प्रभा खेतान एवं रमणिका गुप्ता पर आधारित यह शोध डॉक्टर राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी सहायक प्राध्यापक एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग श्रीयुत स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगेव जिला रीवा (म.प्र.) के निर्देशन में पूरा किया है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुशवाह, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा एवं हिन्दी विभाग के सभी गुरुजनों ने अपना स्नेह आशीर्वाद दिया।

## बाल संप्रेक्षण गृह में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**रीवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन के प्रधान के मार्गदर्शन में बाल संप्रेक्षण गृह रीवा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री राठौर ने कहा कि सकारात्मक जीवनशैली से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सभी किशोर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाये। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री समीर कुमार मिश्र ने कहा कि हमे अपने मन को भटकाव से बचाना है अपना जीवन विधि का पालन करते हुए विताना है। जीवन में सदैव ऐसे कार्य करें जिससे स्वयं हमें और परिवार तथा समाज को गौरव का अनुभव हो। शिविर में बालकों के अधिकारों तथा बाल कल्याण के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गयी है। शिविर में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री केपी शर्मा तथा श्रीमती रंजना शर्मा, बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका श्री अर्चना पचौरी, परिवीक्षा अधिकारी अनिल पाण्डेय तथा बालकगण उपस्थित रहे।

## समाधान ऑनलाइन 24 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों, डूबने की दुर्घटनाओं के प्रबंध, कानून व्यवस्थाओं की स्थिति तथा राजस्व के विषय पर भी चर्चा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## संभागीय अधिकारियों का ई-आफिस का प्रशिक्षण 24 तथा 25 मार्च को

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यालय के सामान्य काज एवं फाइलों के निराकरण के लिए ई-आफिस ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के ईमेल आईडी बनाकर सॉफ्टवेयर में दर्ज किये जा रहे हैं। ई-आफिस प्रणाली का संभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में 24 और 25 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण तीन पलियों में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कमिश्नर ने बताया कि 24 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण विभाग तथा मध्यप्रदेश सड़क निगम एवं पीआईयू के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी दिन दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित प्रशिक्षण में सेतु विकास निगम, लोक शिक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी, सहकारिता, पेंशन कार्यालय, मछली पालन विभाग, डेयरी विभाग तथा जिला विपणन संघ को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन 25 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंडी बोर्ड, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद विभाग, ट्राईवल, खनिज, आबकारी, हाउसिंग बोर्ड, स्थानीय निधिसम परीक्षा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक कृषि अभियांत्रिकी, श्रम, योजना, सांख्यिकी, मेडिकल कॉलेज, आजीविका मिशन, आयुर्वेद विभाग, जिला पंजीयक तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी, प्रदूषण मंडल, लीड बैंक, सौर ऊर्जा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, राष्ट्रीय सड़क विकास प्राधिकरण, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## विश्व जल दिवस पर जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुआ जल संवाद कार्यक्रम

**रीवा।** विश्व जल दिवस पर जन अभियान परिषद रीवा द्वारा रीवा विकासखण्ड के ग्राम छिजवार तथा दादर में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि पानी जीवन का आधार है पानी का संरक्षण और संवर्धन नहीं हुआ तो पृथ्वी के सभी जीवों और वनस्पतियों का अस्तित्व बचाना मुश्किल होगा। हमें अपनी आगामी पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आज पानी बचाना होगा। हमे पानी बचाने के परंपरागत व आधुनिक दोनो तरीको का उपयोग करते हुए समाज को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। ऐसे व्यक्ति जो प्रकृति संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे है, उन्हें सम्मानित करना होगा।



संभागीय समन्वयक ने कहा कि गांव का विकास तभी होगा जब हर खेत और हर तालाब में पानी रहेगा। गांव की अर्थ व्यवस्था का आधार खेती है और खेती का आधार पानी है। जहां पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो गयी है वहां खेत सोना उगल रहे हैं। पानी का जीवन में कितना महत्व है यह हमें अच्छी प्यास लगने पर ही अहसास होता है। संवाद कार्यक्रम को विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी व नवांकुर संस्था सर्वोदय विंध्य विकास समिति के सचिव बृजेश सिंह व दीपा शिशु शिक्षा समिति के अध्यक्ष दयानंद तिवारी, जन कल्याण देशभक्ति सेवा मंडल के अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह व सचिव विशाल सिंह, बृजभूषण तिवारी, अरुण पांडे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाजसेवी उपस्थित रहे।

## रागिनी सिंह को मिली पी-एच.डी. उपाधि

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा रागिनी सिंह आत्मजा रमाकांत सिंह को हिन्दी विषय में शोध-शीर्षक-"हिंदी के दलित साहित्य में समकालीन जीवन और समाज" पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। रागिनी ने दलित साहित्य पर यह शोध डॉक्टर भूपेंद्र सिंह विभागाध्यक्ष ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के निर्देशन में पूरा किया है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुशवाह, और पूर्व पुस्तकालय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह परिहार, डॉ. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं महाविद्यालय के सभी गुरुजनों ने अपना स्नेह आशीर्वाद दिया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व जल दिवस का भव्य आयोजन

**रीवा।** जल ही जीवन है, इसी संदेश को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा के भूगर्भशास्त्र विभाग में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, जल प्रबंधन और सतत विकास के महत्व को उजागर करना था। वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए यह संगोष्ठी अत्यंत प्रासंगिक रही, जिसमें छात्रों, प्राध्यापकों एवं विभिन्न विशेषज्ञों ने जल के महत्व पर



विचार-विमर्श किया और इसके संरक्षण हेतु जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूगर्भ विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि जल संसाधन विशेषज्ञ श्री प्रभात सिंह, तथा अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. तिवारी का विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भूगर्भ विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह ने जल संरक्षण की महत्ता को समझाते हुए कहा यदि हमें पर्यावरण को बचाना है, तो हमें अपने जल स्रोतों की सुरक्षा करनी होगी। तालाबों और नदियों को स्वच्छ रखना, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना और वर्षा जल संचयन जैसी तकनीकों को अपनाना ही भविष्य के जल संकट से बचने का एकमात्र उपाय है।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन जारी, 31 मार्च तक होगा पंजीयन

### किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये तथा सरकार द्वारा घोषित 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन होगा। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है।

## युवा संगम कार्यक्रम 25 मार्च को

### युवा संगम अन्तर्गत मेगा जॉब फेयर में 40 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** जिला मुख्यालय स्थित टीआरएस कॉलेज में युवा संगम का आयोजन 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित मेगा जॉब फेयर में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेगा जॉब फेयर के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 40 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 9 हजार रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। युवा संगम आयोजन की सुचारू व्यवस्थाओ के लिये कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम को आयोजन स्थल में साफ-सफाई, शौचालय एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था का दायित्व सीईओ जिला पंचायत को समन्वयक एवं नोडल अधिकारी का दायित्व तथा एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक को नियोजको को आमंत्रित करने, महाप्रबंधक उद्योग को स्वरोजगार संबंधित आवेदकों को हितलाभ वितरित करने तथा आईटीआई के प्राचार्य को छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व सौंपा गया है।

इसी प्रकार अन्य विभागीय अधिकारियों को सफल आयोजन के लिये विभिन्न दायित्व सौंपे गये है। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिडिया इंडिया प्रा. लि. महाराष्ट्र (जीएमसीसी), सिनोवा गियर्स एण्ड ट्रांसमिशन प्रा.लि. राजकोट गुजरात, डीएमसीएफएस प्रा.लि., पुणे, जिगनी बेंगलूर, एमआरएफ लिमिटेड गुजरात, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नसिक, धूत ट्रान्समिशन लिमि. पुणे, मानाबुकी पुणे, अनएकेडमी नोएडा, एसएसपीएल शिरवाल महाराष्ट्र, उत्कर्ष स्मोल फाइनेंस जबलपुर, एल एण्ड टी, फ्लिप कार्ट रीवा, जस्ट डायल रीवा, मुद्रा सोलर प्रा.लि. अदानी सोलर, अदानी न्यू इंडस्ट्री लिमि अडानी विंड, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, मदरसन मेट ऑटोमोटिव प्रा. लि., डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. नोएडा, आर्मस ग्रुप एलाइड रिसोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज इंडिया प्रा. लि., श्री फूड प्रोड्क्स उद्योग विहार चोरहटा रीवा, ख्याति शील्ड ग्लोबल रिच रायपुर छत्तीसगढ़, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना, यशस्वी ग्रुप भोपाल, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, लार्सन एण्ड टूब्रो, शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड, हिन्द फार्मा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे, योकोहामा ऑफ हाइवे टायर, गुजरात, रेइज एण्ड मिट्स टायर्स गुजरात, विक्टोरिया इंडस्ट्रीज हरियाणा महाराष्ट्र गुजरात, सिएट टायर्स हलाल गुजरात, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर, बजाज कैपिटल रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833